वर्ष-3, अंक-301
इन्दौर सोमवार 27 अप्रैल 2026 पृष्ठ 8,
मूल्य 2 रु.

# दैनिक राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761,

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

**चाणक्य नीति**



जिसने अपने मन पर विजय प्राप्त कर लिया, वो किसी भी हार से उबरकर फिर से उठ सकता है।

मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए

## आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगी पार्वती-कालीसिंध-चम्बल परियोजनाः मुख्यमंत्री डॉ.यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोटा जिले में श्री कृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुए शामिल

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चंबल मैया का आशीर्वाद मध्यप्रदेश और राजस्थान दोनों प्रांतों को मिल रहा है। हमारा प्रदेश अनेक नदियों के उद्गम के कारण नदियों का मायका है। मध्यप्रदेश और राजस्थान जोड़ीदार प्रदेश हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से स्वीकृत पार्वती-कालीसिंध-चंबल अंतर्राज्यीय परियोजना से मध्यप्रदेश और राजस्थान लाभान्वित होंगे। पीकेसी प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोटा जिले में श्रीकृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 16 संस्कारों में पाणिग्रहण संस्कार शामिल है। विवाह ही कुल और गोत्र को आगे बढ़ाते हुए अमरता देते हैं। विवाह से जीवन साथी के साथ बेटियों को नए माता- पिता मिलते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामूहिक विवाह समारोह में नव दंपतियों को आशीर्वाद और मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान में सामूहिक विवाह काफी उपयोगी हैं। मेरे अपने बेटे का विवाह सादगी पूर्वक किया था। परिवारों को खर्चीले विवाहों के कारण आर्थिक कष्ट उठाने होते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने समाज का मार्गदर्शन किया। धर्म मार्ग पर चलने की सभी को प्रेरणा दी। अनेक कष्ट सहते हुए उनका जीवन एक उदाहरण बना। भगवान श्री कृष्ण ने लोकतंत्र की स्थापना का उदाहरण दिया था, जब कंस के वध के पश्चात स्वयं



सत्ता नहीं संभाली। वे लोकतंत्र के सच्चे नायक थे। उन्होंने धर्म के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। मध्यप्रदेश सरकार श्रीकृष्ण पाथेय का विकास कर रही है।

लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि आज यदुवंशी समाज के युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने दायित्व निर्वहन के लिए गंभीर हैं। समाज के युवा सेना में शामिल होकर सीमा की रक्षा कर रहे हैं। श्री बिरला ने कहा कि यह निश्चित ही प्रशंसनीय है कि यदुवंशी समाज वर्तमान सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य कर रहा है। निःशुल्क विवाह समारोह का लाभ युवाओं को मिल रहा है। श्री बिरला ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समारोह में आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की। श्री बिरला ने नव दम्पतियों को बधाई दी। प्रारंभ में ग्राम रींछी में आयोजित निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन की आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव और लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला का आत्मीय स्वागत किया।

राजस्थान के शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे आयोजन समाज में व्याप्त गरीबी और अमीरी की खाई को पाटने का कार्य करते हैं। राजस्थान के ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने कहा कि आज सर्व समाज को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समाज के गौरव हैं। वे राजस्थान और मध्यप्रदेश को भाई-भाई मानते हैं। दोनों राज्यों की सरकारों ने सामूहिक प्रयास किया और आज पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी परियोजना पर कार्य हो रहा है। पीकेसी परियोजना से मध्यप्रदेश के साथ राजस्थान के किसानों को भी सिंचाई के लिए पर्याप्त जल मिलेगा।

राजस्थान के विधायक महंत बाबा बालक नाथ ने कहा कि योगेश्वर श्री कृष्ण ने यदुवंशी कुल में जन्म लेकर पूरे समाज को धन्य किया। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में गरीब और पिछड़ा वर्ग के परिवारों को शामिल कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। यदुवंशी समाज धर्म के मार्ग पर चलते हुए आगे बढ़ने वाला समाज है। सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से शादी विवाह में फिजूल खर्ची रुकी है।

पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र नहीं,

## टीएमसी का गुंडाराज चल रहा हैः राहुल गांधी

**कोलकाता (एजेंसी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल में कांग्रेस कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की चुनाव बाद हुई हत्या पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं।



उन्होंने इस घटना के लिए सीधे तौर पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदार ठहराया और आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में वर्तमान में लोकतंत्र पूरी तरह समाप्त हो चुका है और वहां केवल टीएमसी का गुंडाराज चल रहा है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि देबदीप चटर्जी की हत्या टीएमसी से जुड़े गुंडों द्वारा की गई है।

जो बेहद निंदनीय है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चुनाव के बाद विरोधी आवाजों को डराना, उनकी हत्या करना और उन्हें मिटाना ही अब तृणमूल कांग्रेस का असली चरित्र बन चुका है।

## वॉशिंगटन में डिनर के दौरान फायरिंग

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में सालाना व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट डिनर के दौरान फायरिंग हो गई। शनिवार शाम के इस कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पत्नी मेलानिया और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत कई बड़े अफसर मौजूद थे।

न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक हमलावर ने होटल के बॉलरूम के बाहर फायरिंग की। ट्रम्प और गेस्ट बॉलरूम के अंदर थे। ट्रम्प ने बताया कि हमलावर को पकड़ लिया गया है। पहले खबर आई थी



कि हमलावर को मार गिराया गया। हमले के करीब डेढ़ घंटे बाद ट्रम्प ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा- अमेरिका के संविधान पर हमला हुआ। सीक्रेट सर्विस ने मेरी जान बचाई। सुरक्षाकर्मियों ने बहादुरी से काम किया। जिस अफसर को गोली लगी, वह सुरक्षित है। उसने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी थी। हमलावर के पास पावरफुल गन थी।

### PM मोदी बोले- लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर राहत जताई कि राष्ट्रपति ट्रम्प, फर्स्ट लेडी और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत सब सुरक्षित है। उन्होंने आगे लिखा, 'लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है और इसकी स्पष्ट शब्दों में निंदा की जानी चाहिए। '

प्रधानमंत्री श्री मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 133वें संस्करण का प्रसारण

## प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात को बिठा दिया है देशवासियों के मन में : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'मन की बात' का किया जनप्रतिनिधियों और आमजन के साथ श्रवण

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 133वें संस्करण का भोपाल के वीआईपी रोड स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में जनप्रतिनिधियों के साथ श्रवण किया। इस अवसर पर आमजन भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'मन की बात' देश के करोड़ों नागरिकों को जोड़ने वाला एक सशक्त संवाद मंच है। इसके जरिए प्रधानमंत्री श्री मोदी समाज के विभिन्न वर्गों की प्रेरक कहानियों, नवाचारों और सकारात्मक प्रयासों को सामने लाते हैं, जिससे आमजन को नई दिशा और प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात कर कार्यक्रम को पूरे देशवासियों के मन में बिठा दिया है। उन्होंने देश को नवाचार की नई दृष्टि दी है। ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं और राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी को सशक्त करते हैं।

'मन की बात' में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि इन दिनों हमारे देश में एक बहुत ही अहम अभियान चल रहा है, जिसके बारे में हर भारतीय को जानकारी होनी जरूरी




है। ये है जनगणना का अभियान, यह दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना है। हमारे साथी पहले भी इस तरह की प्रक्रिया से गुजर चुके हैं। इस बार जनगणना का उनका अनुभव, अलग होने वाला है। जनगणना 2027 को पूरी तरह डिजीटल बनाया गया है। सारी जानकारी सीधे डिजीटल माध्यम में दर्ज हो रही है। घर-घर जाने वाले कर्मचारियों के पास मोबाइल ऐप है। वे नागरिकों से बात करके उसी में सारी जानकारी दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना में आपकी भागीदारी भी आसान बनाई गई है, नागरिकगण खुद भी अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। कर्मचारी के आने से 15 दिन पहले सबके लिए यह सुविधा शुरू होगी। नागरिक अपने समय के अनुसार जानकारी भर सकते हैं। जब जब नागरिक यह प्रक्रिया पूरी करते हैं, तो उन्हें एक विशेष आईडी मिलती है। ये आईडी उनके मोबाइल या ई-मेल आईडी पर आती है।



पंजाब में

## आप सरकार पर संकट के बादल?

### नेताओं के दावों से सियासत गरमाई....

**चंडीगढ़/नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब की राजनीति में इन दिनों हलचल तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी (आप) के भीतर कथित असंतोष और नेताओं के बयानों ने भगवंत मान सरकार के भविष्य को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। हाल ही में राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा समेत सात सांसदों के भाजपा में शामिल होने की खबरों और दावों के बाद विपक्षी दलों ने यह मुद्दा जोर-शोर से उठाया है। कांग्रेस और अन्य नेताओं के बयानों ने सियासी माहौल को और गरमा दिया है। कांग्रेस नेता उदित राज ने दावा किया कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार पर खतरा मंडरा रहा है। वहीं पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने भी आप को सचेत रहने की सलाह देते हुए संकेत दिए कि पार्टी के भीतर असंतोष गहराता जा रहा है। जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद ने तो यह तक कह दिया कि आप के करीब 27 विधायक पार्टी छोड़ सकते हैं, जिससे सरकार की स्थिरता पर असर पड़ सकता है। इन तमाम दावों के बीच आप छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले राज्यसभा

## कोलंबिया में यात्री बस में आतंकियों ने किया धमाका, 13 लोगों की मौत

**बोगोटा (एजेंसी)।** कोलंबिया के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में स्थित काउका क्षेत्र में एक यात्री बस को निशाना बनाकर किए गए भीषण बम धमाके में कम से कम 13 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है।

जबकि 38 अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनमें 5 बच्चे भी शामिल हैं। धमाका उस समय हुआ जब बस यात्रियों से भरी हुई थी और काजिबियो इलाके में पैनअमेरिकन हाईवे से गुजर रही थी। स्थानीय गवर्नर ऑक्टावियो गुजमान के अनुसार, विस्फोटक उपकरण सड़क पर ही लगाया गया था और



बस के पास पहुंचते ही उसमें विस्फोट कर दिया गया। सेना के शीर्ष अधिकारियों ने इस घटना को स्पष्ट रूप से एक सुनियोजित आतंकी हमला करार दिया है। कोलंबिया के सशस्त्र बलों के कमांडर जनरल ह्यूगो लोपेज ने प्रारंभिक जांच के आधार पर इस हमले के पीछे कुख्यात अपराधी इवान मोर्दिस्को के नेटवर्क और जैमे मार्टिनेज गुट का हाथ होने की आशंका जताई है।

इंदिरा गांधी एयरपोर्ट में बड़ा विमान हादसा टला

## विमान के इंजन में लगी आग, 6 यात्री घायल




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार तड़के एक बड़ा विमान हादसा टल गया, जब दिल्ली से ज्यूरिख जा रही स्विस इंटरनेशनल एयरलाइंस (स्विस) की फ्लाइट एलएक्स147 के इंजन में अचानक खराबी आ गई और उसमें आग की लपटें दिखाई देने लगीं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पायलट ने तत्काल टेकऑफ रद्द कर दिया और विमान को रनवे पर ही रोक दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एयरबस ए330 विमान रात करीब 1:08 बजे रनवे 28 पर टेकऑफ के लिए तेजी से दौड़ रहा था। इसी दौरान एक इंजन में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद आग लगने की आशंका पैदा हो गई। फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, विमान लगभग 104 नॉट्स की रफ्तार तक पहुंच चुका था, लेकिन समय रहते निर्णय लेते हुए क्रू ने टेकऑफ रोक दिया।

## मन की बात' में पीएम मोदी ने गिनाए सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम के फायदे

### कलपक्कम के फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की उपलब्धि का किया जिक्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 133वें एपिसोड में देश के सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम की अहमियत को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत ने विज्ञान को हमेशा राष्ट्र निर्माण और प्रगति से जोड़ा है, और इसी सोच के साथ परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा रहा है।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम का असर सिर्फ ऊर्जा उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका लाभ औद्योगिक विकास, स्वास्थ्य सेवाओं और कृषि क्षेत्र तक पहुंचा है। उन्होंने बताया कि खेती-किसानी से लेकर आधुनिक इनोवेशन तक, इस कार्यक्रम ने कई क्षेत्रों में नई संभावनाएं खोली हैं। अपने संबोधन में उन्होंने तमिलनाडु के कलपक्कम स्थित फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की हालिया उपलब्धि का विशेष उल्लेख किया। पीएम मोदी ने कहा कि इस रिएक्टर ने 'क्रिटिकैलिटी' हासिल कर ली है, जो परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण चरण होता है। यह वह अवस्था है, जब रिएक्टर पहली बार स्व-स्थायी नाभिकीय श्रृंखला अभिक्रिया को



सफलतापूर्वक संचालित करता है और ऑपरेशन के चरण में प्रवेश करता है।

पीएम मोदी ने ब्रीडर रिएक्टर की विशेषता बताते हुए कहा कि यह तकनीक ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ भविष्य के लिए ईंधन भी तैयार करती है, जो इसे और अधिक उपयोगी बनाती है। उन्होंने मार्च 2024 में कलपक्कम में रिएक्टर की कोर लोडिंग के दौरान मौजूद रहने को भी याद किया और वैज्ञानिकों के योगदान की सराहना की। ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की प्रगति का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि देश की पवन ऊर्जा क्षमता 56 गीगावाट से अधिक हो चुकी है और पिछले एक वर्ष में ही लगभग 6 गीगावाट नई क्षमता जोड़ी गई है। उन्होंने सौर और पवन ऊर्जा को देश के भविष्य की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी बताया और नागरिकों से बिजली बचाने तथा स्वच्छ ऊर्जा अपनाने की अपील की।

### बुद्ध पहले से अधिक प्रासंगिक

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान गौतम बुद्ध के विचारों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आज के वैश्विक तनाव और संघर्ष के दौर में बुद्ध के शांति और आत्मविजय के संदेश पहले से अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। प्रधानमंत्री का यह संबोधन विज्ञान, ऊर्जा और आध्यात्मिक मूल्यों के संतुलन के जरिए देश के समग्र विकास की दिशा को रेखांकित करता है।

## संपादकीय

### भारतीय राजनीति के बदलते समीकरण



आम आदमी पार्टी (आप) के सांसदों के इस्तीफे और उनके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने से 'लोटस अभियान' को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। विशेष रूप से पंजाब, जहां आप की सरकार है, पंजाब की राजनीति के लिये यह बहुत बड़ा परिवर्तन है। पंजाब में भाजपा लंबे समय से अपनी जमीन मजबूत करने की कोशिश कर रही है। शिरोमणि अकाली दल के साथ मिलकर भाजपा 5 दशक से अपना झंडा गाड़ना चाहती थी, लेकिन वह आज तक सफल नहीं हो पाई। पंजाब में शिरोमणि अकाली दल, इंडियन नेशनल कांग्रेस और आप आदमी पार्टी की पैठ हैं। कांग्रेस में पिछले दशक में काफी तोड़-फोड़ हुई है।

## 'मुहब्बत के परिंदे'

मुहब्बत के परिंदों की परवाज़ पर ना रखो नज़र,
नज़रअंदाज करने पर, ना जाने कब, खफ़ा हो जाएंगे वो ।।
अमूमन रोज़ ही बदल रहे हर्फ़-ए-मुहब्बत,
'कब तलक रहेगा साथ, ना जाने कब, बेवफ़ा हो जाएंगे वो ।।
बाख़बर रहना इस मतलबी दुनिया में यारों,
गले में आपके, घंटी बांध, ना जाने कब, सफ़ा हो जाएंगे वो ।।
मिजाज़-ए-मुहब्बत आज, बदल गया जनाब,
अहसास भी नहीं होगा, ना जाने कब, दफ़ा हो जाएंगे वो ।।
रंगीन तबियत हो चली है ज़माने की,
किनारे लगाकर हमें, ना जाने कब, खलीफ़ा हो जाएंगे वो ।।
मगरूर ना बनो रौशनी पर अपनी 'सूरज',
चांदनी से निकल, ना जाने कब, बावफ़ा हो जाएंगे वो ।।



**क्रांतिदीप अलूने 'सूरज'**

## भेड़े चली जा रही है

भेड़ें चली जा रही हैं
उन्हें नहीं पता कि
कहाँ तक और कब तलक
चलते जाना है !

उन्हें नहीं पता कि
उनकी खाल से रोंआ रोंआ
खींच कर उतार लिया जाएगा
ऊन के ब्यौपार के लिये

उधर उन्होंने विकसित
कर ली है ऐसी अहिंसक
कला
कि खाल से रोंए खींचने
में
में कतरा ए खूँ न दिखे,

और तब मिमियाने के
कातर स्वर के आलावा
कुछ भी नहीं बचा हो
भेड़ों के पास कि बस
वे महज जिंदा रहें और खुश भी
कि अपनी नुची हुई खिंची हुई
खाल के साथ जान तो
नहीं ली गई है अभी भी

भेड़ें चली जा रही है
लगातार एक दिशा में
ऊंट पर बैठे हँकाला जा
रहा है उन्हें
फिलहाल वे चलती ही
जा रही है
अपनी पूरी नस्ल के साथ!



**राजेश सक्सेना**

भारत-न्यूज़ीलैंड एफटीए

# किसानों, युवाओं, नौकरियों और विकास के लिए महिलाओं के नेतृत्व में एक ऐतिहासिक समझौता

### आर्टिकल



भारत-न्यूज़ीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), जिस पर सोमवार को हस्ताक्षर किये जायेंगे, विकसित दुनिया के साथ भारत की सहभागिता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह वैश्विक आर्थिक साझेदारियों को किसानों, महिलाओं, युवाओं और रोजगार सृजक उद्योगों के लिए ठोस लाभ में बदलने से जुड़े प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण में हुई निर्णायक प्रगति को प्रतिबिंबित करता है। यह एफटीए प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं, जिसमें यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय संघ शामिल हैं, के साथ हुए कई ऐतिहासिक व्यापार समझौतों के बाद हो रहा है। ये समझौते वैश्विक बाजारों में भारत की स्थिति को मजबूत करते हैं और निर्यातकों को दुनिया की कुछ सबसे लाभकारी अर्थव्यवस्थाओं में, यहां तक कि वर्तमान वैश्विक अनिश्चितता और उथल-पुथल के बीच भी, प्रतिस्पर्धा आधारित बढ़त प्रदान करते हैं।

### निर्यात और रोजगार को मजबूत बढ़ावा

दोनों पक्षों के लिए समान रूप से लाभकारी इस समझौते के केंद्र में न्यूज़ीलैंड की यह प्रतिबद्धता है कि वह तुरंत ही सभी भारतीय उत्पादों पर शुल्क समाप्त कर देगा, जिससे उस बाजार में एक महत्वपूर्ण बाधा दूर होगी, जहाँ हमारे प्रमुख निर्यात पर वर्तमान में 10% शुल्क लगाया जाता है।

यह वस्त्र, कालीन, धागे, कपड़े, फुटवियर, बैग, बेल्ट, वाहन घटक, मशीनरी, उपकरण, रत्न और आभूषण तथा हस्तशिल्प जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है। रोजगार के अवसरों का सृजन करने वाले ये उद्योग भारत के एमएसएमई इकोसिस्टम की रीढ़ हैं और इन्हें मूल्य प्रतिस्पर्धा और बाजार पहुँच से लाभ मिलेगा। इससे निर्यात बढ़ेगा और निर्माण केन्द्रों, कारीगर समुदायों और लघु उद्यमों में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

यह समझौता उस व्यापक दर्शन को प्रतिबिंबित करता है, जो 2014 में मोदी सरकार के गठन के बाद से भारत की व्यापार नीति का मार्गदर्शन कर रहा है। यह समावेश, सशक्तिकरण और साझा समृद्धि में निहित है। व्यापार को राष्ट्रीय परिवर्तन के उपकरण के रूप में देखा जाता है, जो किसानों, श्रमिकों, महिलाओं, युवाओं और वंचित समुदायों को लाभ पहुंचाता है।

### नारी शक्ति

इस समझौते की एक प्रमुख विशेषता यह है कि यह भारत का पहला महिला-नेतृत्व वाला एफटीए है। वार्ता टीम की लगभग सभी सदस्य महिलायें थीं। इनमें मुख्य वार्ताकार, उप मुख्य वार्ताकार, क्षेत्र प्रमुख और न्यूजीलैंड में भारत की राजदूत शामिल हैं।

यह उपलब्धि मोदी सरकार में



महिलाओं के बढ़ते महत्व को दर्शाती है। यह शासन, नेतृत्व और विभिन्न क्षेत्रों में निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के व्यापक प्रयासों के अनुरूप है और राष्ट्रीय विकास के संचालक के रूप में नारी शक्ति के विचार को सुदृढ़ करती है।

### किसान पहले

एफटीए की संरचना कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार की गयी है। न्यूज़ीलैंड कीवी, सेब और शहद के लिए कृषि उत्पादकता कार्ययोजनाओं का समर्थन करेगा। इन पहलों में बेहतर बीज सामग्री, अनुसंधान सहयोग, किसानों के लिए क्षमता निर्माण, बागवानी प्रबंधन प्रथाएं, कटाई के बाद सुधार, खाद्य सुरक्षा प्रणाली और उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना शामिल है। सेब उत्पादकों और सतत मधुमक्खी पालन तौर-तरीकों के लिए परियोजनाएं उत्पादन और गुणवत्ता मानकों को बढ़ाएंगी, जिससे कृषि समृद्धि में वृद्धि होगी।

इसके साथ ही, भारत ने अपने प्रमुख कृषि हितों की मजबूती से सुरक्षा की है। डेयरी उत्पादों (जैसे दूध, क्रीम, व्हे, दही और पनीर); प्याज, चना, मटर, मकई, बादाम, चीनी और कुछ ख़ास तेल और वसा जैसी संवेदनशील वस्तुओं को शुल्क छूट से बाहर रखा गया है। समझौता सुनिश्चित करता है कि घरेलू किसान हानिकारक आयात प्रतिस्पर्धा से सुरक्षित रहें। किसानों और मछुआरों के हितों की रक्षा करना सभी व्यापार वार्ताओं में भारत के दृष्टिकोण का केंद्र रहा है।

### युवा और पेशेवर

समझौते का एक प्रमुख स्तंभ छात्रों और कुशल पेशेवरों के लिए बढ़ी हुई आवागमन की सुविधा है, जो भारत के युवाओं के लिए नए वैश्विक मार्ग का निर्माण करती है।

किसी भी द्विपक्षीय व्यापार समझौते में पहली बार, न्यूजीलैंड ने भारतीय छात्रों के आवागमन और अध्ययन के बाद काम करने के अवसरों के लिए एक संरचना-युक्त रूपरेखा पेश की है। भारतीय छात्रों पर कोई संख्यात्मक सीमा नहीं है। छात्रों को अध्ययन के दौरान प्रति सप्ताह कम से कम 20 घंटे काम करने की अनुमति दी जाएगी, जबकि अध्ययन के बाद काम करने के अधिकार - एसटीईएम स्नातकों के लिए तीन वर्षों तक और डॉक्टर डिग्री के शोधार्थियों के लिए चार वर्षों तक - बढ़ाए गये हैं।

समझौता किसी भी समय 5,000 भारतीय पेशेवरों तक के लिए अस्थायी रोजगार प्रवेश वीज़ा मार्ग पेश करता है, जिसके तहत आईटी, इंजीनियरिंग, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, निर्माण तथा योग, आयुर्वेद, भारतीय व्यंजन और संगीत शिक्षा जैसे चयनित पारंपरिक क्षेत्रों में तीन वर्षों तक रहने की अनुमति होगी।

इसके अलावा, एक वर्किंग हॉलीडे वीज़ा योजना प्रत्येक वर्ष 1,000 युवा भारतीयों को न्यूज़ीलैंड में 12 महीने तक रहने और काम करने की अनुमति देगी, जिससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान और वैश्विक अनुभव को मजबूती मिलेगी।

### निवेश और नवाचार

न्यूजीलैंड ने भारत में 20 अरब डॉलर के निवेश के लिए प्रतिबद्धता जताई है। इससे विनिर्माण, अवसंरचना, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल सेवाओं, नवाचार इकोसिस्टम और रोजगार सृजन को समर्थन मिलने की उम्मीद है।

जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक 'पुनर्संतुलन खंड' शामिल किया गया है, जिससे भारत को यह अधिकार मिलता है कि यदि निवेश संबंधी प्रतिबद्धताएं पूरी नहीं होतीं हैं, तो वह सुधारात्मक कदम उठा सकता है। यह समझौता अनुसंधान, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, कौशल विकास और नवाचार-आधारित क्षेत्रों में सहयोग को भी बढ़ावा देता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि दीर्घकालिक विकासात्मक साझेदारियों में व्यापार पूरक भूमिका निभाएगा।

### व्यापार रणनीति

भारत-न्यूज़ीलैंड एफटीए विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ साझेदारी करने की स्पष्ट और भरोसेमंद व्यापार रणनीति को प्रतिबिंबित करता है, जो भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए सार्थक बाजार पहुँच की सुविधा देता है और घरेलू संवेदनशीलताओं का सम्मान करता है।

आज भारत ताकत और विश्वसनीयता की स्थिति के साथ वार्ता करता है। पहले के दशकों में व्यापार समझौतों को अक्सर संवेदनशील क्षेत्रों को अपर्याप्त सुरक्षा दिए बिना अंतिम रूप दिया जाता था, इसके विपरीत वर्तमान वार्ताएं सुनिश्चित करती हैं कि कृषि, डेयरी और अन्य संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह से सुरक्षित रहें।

जैसे-जैसे भारत विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ अपनी सहभागिता को प्रगाढ़ कर रहा है, विकसित दुनिया के साथ हुए व्यापार समझौते इस तथ्य का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करते हैं कि व्यापार नीति को कैसे राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के साथ संरेखित किया जा सकता है, जिससे विकसित भारत 2047 का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में समावेशी वृद्धि और दीर्घावधि आर्थिक सुदृढ़ता सुनिश्चित होती है।

**- पीयूष गोयल**
**(लेखक केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं)**

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-4-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। शुभांक-5-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-5


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रख। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-9


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-8-9

## काकुरो पहेली - 3870




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3869 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक घर से पति-पत्नी के हँसने की कुछ ज्यादा ही आवाजें आती रहती थीं। मोहल्ले के कई लोग एकत्र होकर उनके यहाँ खुशहाली का राज जानने को पहुँचे।

मोहल्ले वालों की जिज्ञासा को शांत करते हुए पति बोला- बहुत सरल है, हमारे यहाँ मेरी बीबी बेलन, चिमटा आदि फेंककर मारती है। हम लट्ठमार होली खेलते हैं...! अगर मुझे लग जाता है तो वो हँसती और नहीं लगता है तो मैं हँसता हूँ।

एक बार रीमा बन-ठनकर पिक्चर देखने जा रही थी। तभी एक सहेली मिल गई। रीमा का ठाठ-बाट देखकर बोली- 'अ...हा...आ हाथों में हीरों की चूड़ियाँ, कानों में हीरे के टॉप्स, गले में हीरों का हार, यह बनारसी साड़ी क्यों, क्या तुम्हारे पति ने नौकरी कर ली है?'

रीमा बोली- 'नहीं गीता, मैंने पति बदल लिया है।'


चमन (नरेश से)- सुना है तुमने एक उपन्यास लिखा है?

नरेश- हाँ! एक बहुत अच्छा उपन्यास लिखा तो है।

चमन- कुछ बिके भी है?

नरेश- हाँ, बिके है न..। इस उपन्यास को प्रकाशित करने में मेरी अँगूठी, स्कूटर, बीवी की चूड़ियाँ और मंगलसूत्र जैसी कई चीजें बिक गई है।

## फिल्म वर्ग पहेली- 3870



**बायें से दायें:-**

१. अजय देवगन, उर्मिला, महिमा की 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'प्रेमी आशिक आवारा' गीत वाली अजय देवगन, मधु की फिल्म-२,२,२
६. जिमी शेरगिल, ऋशिता की 'आँखें भी होती हैं' गीत वाली फिल्म-३
८. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१०. शत्रुघ्न सिन्हा, श्रीदेवी की 'कोई मर्द ना ऐसा' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली करण नाथ, मनीषा, नतान्या की फिल्म-२
१४. सनी देओल, फरहा की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'तेरी निगाहों पें मर' गीत वाली महमूद, विजयलक्ष्मी की फिल्म-४
१७. अक्षय, सुनील, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पान की फिल्म-३
२३. शशिकपूर, शर्मिला की 'वो तेरे प्यार का गम' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. फिल्म 'परिचय' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'मेरे प्यार की आवाज' गीत वाली विनोद खन्ना, नीतू सिंह की फिल्म-५
३१. 'महबूब की मेहंदी' में राजेशखन्ना के साथ नायिका कौन थी-२
३२. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय खन्ना, अमृताराव की आगामी नई फिल्म-३
२. 'करीब' में बॉबी की नायिका -२
३. कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
४. सलमान, संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'अरे बाब' गीत वाली फिल्म-३
५. 'इश्क समंदर' गीत वाली फिल्म-२
७. संजयकपूर, प्रिया गिल, सुष्मिता की 'होश ना खबर' गीत वाली फिल्म-२,२
९. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा की फिल्म-३
११. 'प्यार करना नही' गीत वाली फिल्म-३
१२. किशोरकुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१५. राजेद्रकुमार, वहीदा की 'जंगल में मोर नाचा' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'आवारा' की नायिका कौन थी-३
१८. 'तुम्हें जिंदगी के' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की फिल्म-३
१९. विक्रम, लक्ष्मी की 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली फिल्म-२
२२. कमल हासन, शाहरुख, रानी की फिल्म-१,२
२४. 'पैसे बिना प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२५. मिथुन, काजल किरण की 'तेरे नाम का दिवाना' गीत वाली फिल्म-४
२७. ऋषिकपूर, माधुरी की फिल्म-३
२८. रेमो फर्नांडीस के गीत 'देखो देखो ये है जलवा' गीत वाली फिल्म-३
३०. अमिताभ, गोविंदा, किमी की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3869



## सूडोकु -3870

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3869 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली -3870



**बाएँ से दाएँ**

1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**

1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

शब्द पहेली -3869 का हल



## इंदौर में ढाई साल की बच्ची की मौत, खेलते-खेलते पहली मंजिल से गिरी



**इंदौर** । इंदौर के द्वारकापुरी क्षेत्र में गैलरी की रैलिंग के बीच छोड़े गए खतरनाक गैप के कारण ढाई साल की बच्ची की पहली मंजिल से गिरकर मौत हो गई। वह अपने माता पिता के साथ दादाजी के घर आई थी। छह माह में इस तरह के पांच हादसे इंदौर में हो चुके है इंदौर में घरों की बनावट के समय बरती गई लापरवाही मासूमों की मौत की वजह बन रही है। छह माह में शहर में पाँच बच्चों की गैलरी के बीच छोड़ी गई गैप से गिरने के कारण मौत हो गई। द्वारकापुरी में भी इस तरह की घटना हो गई। ढाई साल की बच्ची पहली मंजिल की गैलरी से गिर गई। मासूम बच्ची मुस्कान दशोरे अपने दादा-दादी के यहाँ आई थी और खेलते-खेलते वह गैलरी में चली गई। परिवार के लोग बातें करने में मशगूल थे और मुस्कान गैलरी से गिर पड़ी। वह इकलौती संतान थी।

# दस साल पहले हुए शिल्पू हत्याकांड में तीन को उम्रकैद

## होटल की चौथी मंजिल से फेंका था शव

**इंदौर।**

इंदौर के चर्चित शिल्पू भदौरिया हत्याकांड में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए तीनों आरोपियों को उम्रकैद की सजा दी है। होटल लेमन ट्री में हुई इस वारदात को पहले आत्महत्या बताया गया था, लेकिन जांच में हत्या की सच्चाई सामने आ गई थी।

इंदौर के होटल लेमन ट्री में दस साल पहले हुए चर्चित शिल्पू भदौरिया हत्याकांड में तीन आरोपियों को जिला कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। तीनों आरोपी ग्वालियर के निवासी हैं। उन्हें कोर्ट ने युवती की हत्या के लिए दोषी माना है।

अगस्त 2016 को शिल्पू भदौरिया होटल की चौथी मंजिल पर रुकी थी। उसका शव रात को ग्राउंड फ्लोर पर मिला था। पहले पुलिस ने आत्महत्या मानकर जांच की, लेकिन बाद में पता चला कि होटल में तीन युवक भी आए थे और उनका विवाद हुआ था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो शरीर पर चोट के निशान मिले। यह भी स्पष्ट हुआ कि चौथी मंजिल से गिरने से पहले उसका गला दबाया गया था। पुलिस ने आशुतोष जोहरे, शैलेंद्र सारस्वत और नीरज दंडोतिया निवासी ग्वालियर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। तीनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने पहले शिल्पू का गला दबाया था, फिर आत्महत्या दिखाने के लिए उसे चौथी मंजिल से फेंक दिया था।



### शराब पिलाकर की थी हत्या

आरोपियों ने शिल्पू को पहले शराब पिलाई थी, फिर उसका गला दबाया। शिल्पू ने बचने के लिए संघर्ष किया। उसके नाखूनों में आरोपियों की त्वचा भी मिली, जो अहम सबूत के तौर पर कोर्ट में पेश हुई। शिल्पू का गला दबाने के बाद उसे फेंक दिया गया था।

इस मामले में पुलिस ने हत्या के छह माह बाद चार्जशीट पेश की और 9 साल तक केस कोर्ट में चला। अब कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए हत्या के लिए उम्रकैद और साक्ष्य मिटाने के जुर्म में सात-सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

पहले आरोपियों ने पुलिस को बताया था कि शिल्पू ने खुद छलांग लगाई। हमने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन जांच के बाद हत्या साबित हुई। इस हत्याकांड को लेकर तब काफी चर्चा हुई थी। शिल्पू भी ग्वालियर की रहने वाली थी। उसके परिजनों ने इंदौर आकर कोर्ट में लड़ाई लड़ी। नाखूनों में आरोपियों की त्वचा पाई गई और यह भी साबित हुआ कि मौत से पहले उसने जोरदार विरोध किया था।

## इंदौर में सरेराह कार रोककर दंपति से लूट, वीडियो वायरल



**इंदौर** । इंदौर के एरोड्रम क्षेत्र में सरेराह गुंडागर्दी का मामला सामने आया है. एक बदमाश ने कार रोककर दंपति को धमकाया और डेढ़ साल की बच्ची के सामने पैसे लूट लिए. घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं. आरोपी की तलाश जारी है. इंदौर. शहर में खुलेआम गुंडागर्दी का एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने शहर की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. एरोड्रम क्षेत्र में दिनदहाड़े एक बदमाश ने चलती कार को जबरन रुकवाया और उसमें सवार दंपति को न सिर्फ धमकाया बल्कि उनकी डेढ़ साल की मासूम बच्ची के सामने ही पैसे छीन लिए. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बन गया है. इसमें बदमाश हाथों में लठ लिए धमकाता नजर आ रहा है. यह घटना सिर्फ एक लूट नहीं, बल्कि सड़क पर बढ़ती बेखौफ बदमाशी की तस्वीर भी पेश करती है. जिस तरह आरोपी ने परिवार को निशाना बनाया और लंबे समय तक उन्हें डराता रहा, वह शहर में सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है

# युवक को चोर समझकर ग्रामीणों ने रस्सी से बांधकर की खूब धुनाई

## जब सच पता चला तो मांगने लगे मांफी

**उज्जैन।**

उज्जैन के घट्टिया क्षेत्र में चोरी के शक में एक युवक को ग्रामीणों ने बांधकर पीट दिया, लेकिन पुलिस जांच में वह कारीगर निकला। सच्चाई सामने आने पर ग्रामीणों ने माफी मांगी और दोनों पक्षों ने कार्रवाई से इनकार कर दिया।

उज्जैन के घट्टिया थाना क्षेत्र में लोहे के औजार लेकर जा रहे एक युवक को ग्रामीणों ने चोरी की शंका में पकड़कर रस्सी से बांध दिया और उसकी पिटाई कर दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में हकीकत कुछ और ही निकली। सच्चाई सामने आने के बाद ग्रामीणों ने युवक से माफी मांगी। बाद में दोनों पक्षों ने किसी भी प्रकार की कार्रवाई से इनकार करते हुए पुलिस को आवेदन दे दिया। रस्सी से बंधे युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।



### वास्तविकता सामने आने पर मांगी माफी

घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि गलतफहमी के चलते ग्रामीणों ने उज्जैन निवासी युवक को चोरी के शक में पकड़ लिया था। बाद में वास्तविकता सामने आने पर उन्होंने माफी भी मांगी। दोनों पक्षों ने आवेदन देकर किसी भी प्रकार की कार्रवाई से इनकार कर दिया।

### पुलिस ने राहुल को लोगों के चंगुल से छुड़ाया

इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहुल को लोगों के चंगुल से छुड़ाया। थाने ले जाकर पूछताछ में पता चला कि राहुल गौवंश के सींग में लगे कीड़े-दीमक निकालकर उनमें पेंट करने और नक्काशी का काम करता है। इसी कारण वह लोहे के औजार लेकर जा रहा था। पुलिस ने जैथल स्थित एक किसान के यहां भी पुष्टि की, जहां राहुल ने एक दिन पहले काम किया था। हकीकत सामने आने के बाद ग्रामीणों ने राहुल से माफी मांगी और राहुल ने भी किसी कार्रवाई से इनकार कर दिया।

## FMCG व्यापार में निवेश के नाम पर 27 लाख की ठगी, क्राइम ब्रांच ने आरोपी को किया गिरफ्तार



आरोपी सत्यविन्द

**इंदौर** । इंदौर क्राइम ब्रांच ने निवेश के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एफएमसीजी और कोल्ड ड्रिंक व्यापार में ज्यादा मुनाफे का लालच देकर लोगों से बड़ी रकम निवेश करवाई और फिर उसे निजी खर्चों में इस्तेमाल कर लिया। दरअसल इंदौर क्राइम ब्रांच इंदौर की कार्रवाई में आरोपी सत्यविंद चावला को गिरफ्तार किया गया है, जिसने फरियादियों को शीतल पेय और [illegible] व्यापार में मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा दिया। आरोपी ने हरसिमरन सिंह अरोरा, जयंत रिजवानी और रासिका प्रधान के साथ पार्टनरशिप कर 'फ्रेश लिंक इंटरप्राइजेस' नाम से फर्म बनाई और करीब 27 लाख रुपए का निवेश कराया। वही इसकी जांच में सामने आया कि आरोपी ने निवेश की गई राशि को व्यापार में लगाने के बजाय निजी खर्चों, कर्ज चुकाने और अन्य कामों में इस्तेमाल किया। वहीं गोदाम में रखा माल भी खराब और एक्सपायरी के करीब मिला, जिससे साफ हुआ कि व्यापार केवल दिखावे के लिए चलाया जा रहा था। बैंक खातों की जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी ने चालाकी से निवेश की रकम अपने निजी खातों में ट्रांसफर कर ली। आरोपी ने शपथ पत्र में भी यह स्वीकार किया कि उसने साझेदारों को गुमराह कर राशि का दुरुपयोग किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## थाना लसूड़िया पुलिस द्वारा ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने वाले गिरोह का पर्दाफाश



**इंदौर।** 05 आरोपी गिरफ्तार , कब्जे से 03 मोबाइल फोन व एक कार जप्त। आरोपियों द्वारा ड्रीम/एक्सचेंज साइट के माध्यम से सट्टा संचालित किया जा रहा था। कार मैं बैठकर ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे थे बदमाश आरोपियों के कब्जे से मोबाइल और लैपटॉप भी पुलिस ने किया जप्त पुलिस ने एक लेनदेन की डायरी भी की जप्त लाखों का मिला हिसाब

## पहले युवक को आरोपियों ने ढाबे पर पिलाई शराब, फिर चाकू से सीने पर चाकू मारे और कर दी हत्या

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र के रविदास नगर में पानी भरने के मामूली विवाद ने खूनी मोड़ ले लिया। चार युवकों ने एक युवक को पहले सुलह के बहाने शराब पिलाई और फिर सीने में चाकू घोंपकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। लसूड़िया थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात मामूली विवाद में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने पहले युवक को ढाबे पर शराब पिलाई और फिर चाकू घोंपकर मौत के घाट उतार दिया। अस्पताल ले जाते समय युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान चिंता राम (पिता रणजीत सिंह राठौर) निवासी रविदास नगर के रूप में हुई है। घटनाक्रम के अनुसार, शुक्रवार सुबह चिंता राम सरकारी नल पर पानी भर रहा था। इस दौरान बस्ती में रहने वाले कुलदीप, पंकज, मयूर और मोहित से उसका विवाद हो गया था। हालांकि, उस समय अन्य लोगों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत करा दिया था।

शुक्रवार रात आरोपी कलाली (शराब दुकान) पहुंचे और चिंता राम से सुलह करने की बात कही। चिंता राम उनकी बातों में आ गया और उनके साथ शराब पीने बैठ गया। उसे लगा कि विवाद खत्म हो गया है, लेकिन तभी आरोपियों ने चाकू निकालकर उसके सीने पर दो वार कर दिए।

हमले में गंभीर रूप से घायल चिंता राम को एक आरोपी की मां अस्पताल लेकर पहुँची, लेकिन अधिक खून बह जाने के कारण रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौत की पुष्टि के बाद आरोपी की माँ मौके से चली गई। अस्पताल के कर्मचारियों ने पुलिस को हत्या की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बस्ती से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। बस्तीवासियों का कहना है कि आरोपी इलाके में दादागिरी करते हैं और आए दिन लोगों से विवाद करते हैं। मृतक के परिजनों ने पुलिस से आरोपियों के मकान तोड़ने की मांग की है।





## अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम पर 150 लोगों ने किया हमला, JCB में की तोड़फोड़

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर के झांझर गांव में अतिक्रमण हटाने पहुंची वन विभाग और पुलिस टीम पर करीब 150 लोगों ने पथराव कर दिया। इस घटना में चार लोग घायल हुए हैं।जेसीबी भी पलट गई। तनाव के बीच भारी फोर्स तैनात कर दी गई है।

बुरहानपुर वनमंडल की नेपा रेंज के ग्राम झांझर में रविवार सुबह अतिक्रमण हटाने पहुंची वन विभाग, पुलिस और प्रशासन की टीम पर अचानक हमला हो गया। करीब 11 बजे बाहरी अतिक्रमणकारियों ने पथराव शुरू कर दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में वनकर्मियों समेत 4 लोग घायल हो गए, जबकि एक जेसीबी चालक को गंभीर चोट

जानकारी के अनुसार, लंबे समय से वन विभाग इस क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की तैयारी कर रहा था। रविवार को जैसे ही कार्रवाई शुरू हुई, झांझर गांव में विरोध तेज हो गया और करीब 150 लोगों ने टीम पर हमला कर दिया। इस अभियान में निमाड़ के चार जिलों से आए वन अमले और स्थानीय पुलिस बल को तैनात किया गया था। शनिवार शाम को ही बुरहानपुर पुलिस लाइन में भारी फोर्स जुटा ली गई थी।

डीएफओ विद्याभूषण सिंह के मुताबिक, नेपानगर रेंज में चिन्हित बाहरी अतिक्रमणकारियों को हटाने के लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इसमें बुरहानपुर के साथ खंडवा, खरगोन और बड़वाह के वनकर्मी भी शामिल हैं। करीब 500 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी जेसीबी और अन्य संसाधनों के साथ मौके पर मौजूद

पथराव के दौरान एक जेसीबी पर पत्थर लगने से उसका संतुलन बिगड़ गया और वाहन पलट गया। चालक कमल बंसल के सिर में चोट आई, जिन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। घायल चालक ने बताया कि अचानक हुए हमले के कारण मौके पर मौजूद पुलिस और वनकर्मी भी पीछे हटने को मजबूर हो गए।

वन विभाग के एसडीओ अजय सागर ने बताया कि टीम नियमानुसार अतिक्रमण हटाने पहुंची थी, लेकिन कुछ लोगों ने विरोध करते हुए पथराव कर दिया। फिलहाल घायल चालक की हालत स्थिर बताई जा रही है।

गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध कटाई और अतिक्रमण की घटनाएं सामने आई हैं। वन विभाग ने पहले भी अभियान चलाकर हजारों टपरियां हटाई थीं और बड़े स्तर पर पौधारोपण किया था। अब फिर से अतिक्रमण बढ़ने पर सख्ती बरती जा रही है।

## इंदौर के चंदन नगर में चाकूबाजी



**इंदौर** । इंदौर के चंदन नगर क्षेत्र में शनिवार देर रात आपसी विवाद के दौरान चाकूबाजी की घटना सामने आई। सूचना मिलते ही पुलिस की दो एफआरवी मौके पर पहुंची, जिसके बाद हालात को नियंत्रित किया गया। पुलिस के अनुसार चंदूवाला रोड पर क्रिकेट खेलने को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी विवाद में सोहेल नाम के युवक ने फरहान पर चाकू से हमला कर दिया। घायल फरहान की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी तिलक करोले अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन इलाके में पाइपलाइन के काम के चलते खुदी सड़कों के कारण उनकी गाड़ी बीच रास्ते में ही फंस गई। इसके बावजूद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को हटाया। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंच गए, जिससे वहां भीड़ की स्थिति बन गई। पुलिस ने समझाइश देकर लोगों को वहां से हटाया और स्थिति को शांत कराया। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा रही कि इलाके के नेता रफीक खान के यहां चल रहे कव्वाली कार्यक्रम के दौरान विवाद हुआ था, हालांकि पुलिस ने इसे आपसी झगड़ा बताया है और किसी अन्य एंगल से इनकार किया है।

# शंका के चलते पत्नी की हत्या करके यहां छुपा था आरोपी

## 24 घंटे के अंदर हुआ गिरफ्तार; खून से सना औजार बरामद

**सागर।**

सागर के रहली थाना क्षेत्र के ग्राम बोमा खजूरा में चरित्र शंका के चलते एक सनकी पति ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। वारदात के बाद फरार आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर जंगल से गिरफ्तार कर लिया। सागर के रहली थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है।

ग्राम बोमा खजूरा में एक सनकी पति ने चरित्र शंका के चलते अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर निर्मम हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी घने जंगलों में छिप गया था, जिसे पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर एक घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है।

### आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी विकास कुमार शाहवाल के निर्देशन में रहली थाना प्रभारी सुनील शर्मा ने विशेष टीम गठित की। आरोपी स्थानीय जंगलों का फायदा उठाकर बार-बार लोकेशन बदल रहा था और पुलिस को छका रहा था। पुलिस ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से 'ऑपरेशन विजयपुरा' शुरू किया। पुलिस टीम ने बिना सोए पूरी रात जंगलों में सर्चिंग की और अंततः घेराबंदी कर आरोपी मोहन गौड़ (31 वर्ष) को ग्राम विजयपुरा के पास से धर दबोचा। आरोपी ने कबूला जुर्म पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।




### गर्दन पर ताबड़तोड़ वार करके की थी हत्या

सोते समय कुल्हाड़ी से किया वार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घटना 23 अप्रैल की दोपहर करीब 3 :00 बजे की है। आरोपी मोहन गौड़ अपनी पत्नी देवकी के चरित्र पर शक करता था और अक्सर शराब के नशे में विवाद करता था। गुरुवार को जब देवकी सो रही थी, तभी मोहन ने कुल्हाड़ी से उसकी गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। चीख-पुकार सुनकर जब तक परिजन पहुंचे, आरोपी मौके से फरार हो चुका था। जंगलों में चला 'ऑपरेशन विजयपुरा' हत्या की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई।

### आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी विकास कुमार शाहवाल के निर्देशन में रहली थाना प्रभारी सुनील शर्मा ने विशेष टीम गठित की। आरोपी स्थानीय जंगलों का फायदा उठाकर बार-बार लोकेशन बदल रहा था और पुलिस को छका रहा था। पुलिस ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से 'ऑपरेशन विजयपुरा' शुरू किया। पुलिस टीम ने बिना सोए पूरी रात जंगलों में सर्चिंग की और अंतत: घेराबंदी कर आरोपी मोहन गौड़ (31 वर्ष) को ग्राम विजयपुरा के पास से धर दबोचा। आरोपी ने कबूला जुर्म पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

## वार्ड 47 में होंगे 48 लाख के विकास कार्य

**रतलाम।** वार्ड क्रमांक 47 में कुरेशी मण्डी, मौमिनपुरा, हरीजन बस्ती व बरगुण्डो का वास में सीमेन्ट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने क्षेत्रिय पार्षद नासिर कुरेशी, पार्षदगण तथा क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि कुरेशी मण्डी में 14 लाख, मौमिनपुरा में 11 लाख, हरीजन बस्ती में 9 लाख व बरगुण्डों का वास में 14 लाख इस तरह कुल 48 लाख की लागत से सीमेन्ट कांक्रीट सड़क का निर्माण किया जायेगा। उन्होने कहा कि नगर एवं नागरिकों के हित में नगर निगम परिषद अपना कार्य तो कर ही रही है नागरिकों का भी कर्तव्य है कि अपने घरो, दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्कीकरण कर नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भाग में डालकर नगर को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। भूमि पूजन के अवसर पर पार्षद कमरूद्धीन कचवाय, मोहम्मद सलीम बागवान, फकरूद्धीन मंसूरी के अलावा प्रदीप राठौड़, शैलेन्द्रसिंह अठाना, हेमन्त नेका सहित क्षेत्रिय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## आराधना निगुड़कर संघ की प्रांतीय सचिव मनोनीत

**रतलाम।** मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष विजय मिश्रा ने प्रांतीय सलाहकार दीपक सुराना व जिला अध्यक्ष शरद शुक्ला की अनुशंसा पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय रतलाम में कार्यरत जूनियर ऑडिटर आराधना निगुड़कर को संघ के प्रांतीय सचिव पद नियुक्त किया। उल्लेखनीय है कि कर्मचारी संघ की कर्मठ महिला कर्मचारी नेत्री आराधना निगुड़कर मध्य प्रदेश अधिकारी, कर्मचारी पेंशनर संयुक्त मोर्चा जिला रतलाम की जिला अध्यक्ष भी है की कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव नियुक्ति होने पर पवन पटवा, हेमंत सोनी, अशोक व्यास, राजेन्द्र त्रिवेदी, अशोक सोलंकी, शैलेन्दसिंह देवड़ा, सुनिल वर्मा, राजकुमार सिंह आंबा, जुल्फिकार अली, संजय मोदी, नविन रावल, ललित पांचाल, देवीलाल डामोर, राजेश जोशी, गणेश मालवीय, ईश्वर लाल पाटीदार, मोहनलाल गरवाल, सुभाषचंद्र शर्मा, मानसिंह देवदा, बालमुकुंद चौहान, शांतिलाल पोरवाल, बाणसिंह सक्तावत, प्रशांत जोशी आदिने बधाई देते हुए प्रान्ताध्यक्ष विजय मिश्रा का आभार व्यक्त किया।

## रतलाम में 44.5 डिग्री पहुंचा पारा, 8वीं तक स्कूल बंद : 30 अप्रैल तक की गई छुट्टी, 9वीं से 12वीं की कक्षाएं तय समय पर लगेंगी



**रतलाम।** जिले में भीषण गर्मी, लू और 44.5 डिग्री तक पहुंचे तापमान को देखते हुए कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देश पर रविवार को नया आदेश जारी किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी (ष्ठश्वह्र) अशोक लोढ़ा ने प्री-प्राइमरी से लेकर 8वीं कक्षा तक के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में 30 अप्रैल तक छुट्टी घोषित कर दी है। वहीं, कक्षा 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समय पर ही संचालित होंगी। वर्तमान में जिले में तेज गर्म हवाओं का असर जारी है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने पूर्व में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के स्कूलों का समय बदलकर सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक कर दिया था। इसके बाद, दो दिन पहले स्कूलों में प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 25 से 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित किया गया था। अब रविवार को जारी नए आदेश के तहत इस राहत को बढ़ाते हुए 8वीं तक के सभी स्कूलों की 30 अप्रैल तक छुट्टी कर दी गई है। शनिवार रहा सबसे गर्म, पिछले 5 दिन के तापमान पर एक नजर --जिले में गर्म लू चलने से शनिवार को रतलाम का अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री पर जा पहुंचा है। रविवार को भी यही हालात बने हुए हैं। पिछले 5 दिनों के तापमान की स्थिति इस प्रकार हैज

25 अप्रैल : अधिकतम 44.5 डिग्री, न्यूनतम 25.2 डिग्री
24 अप्रैल : अधिकतम 43.2 डिग्री, न्यूनतम 24.5 डिग्री
23 अप्रैल : अधिकतम 42.0 डिग्री, न्यूनतम 24.0 डिग्री
22 अप्रैल : अधिकतम 41.8 डिग्री, न्यूनतम 24.2 डिग्री
21 अप्रैल : अधिकतम 42.0 डिग्री, न्यूनतम 26.6 डिग्री

## भाजयुमो के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन ने मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं से की मुलाकात



**रतलाम।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन ने भोपाल और उज्जैन में प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया और संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

विप्लव जैन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद वी.डी. शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान सभी वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।

नेताओं ने विप्लव जैन को युवाओं के बीच संगठन को और प्रभावी बनाने तथा पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करने की प्रेरणा दी। वहीं विप्लव जैन ने भी भरोसा दिलाया कि वे पूरी निष्ठा, समर्पण और ऊर्जा के साथ पार्टी के लिए कार्य करते हुए नेतृत्व की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे।

प्रदेश महामंत्री का दायित्व मिलने के बाद से ही विप्लव जैन प्रदेशभर में सक्रिय हैं। वे लगातार विभिन्न शहरों का दौरा कर संगठनात्मक बैठकों में भाग ले रहे हैं और युवा कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर रहे हैं। उनके दौरों के दौरान जगह-जगह कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया जा रहा है, जिससे संगठन में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। कुल मिलाकर, विप्लव जैन की सक्रियता से भाजयुमो को प्रदेश में नई गति मिलने के संकेत मिल रहे हैं।

### मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री राजेश लाल मेहरा ने एमपीपीएससी के कमांड कंट्रोल रूम का किया शुभारंभ

# अब मप्र राज्य सेवा आयोग कंट्रोल रूम के माध्यम से परीक्षा केंद्रों से जुड़ सकेगा

## कंट्रोल रूम के माध्यम से आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा के 54 जिला मुख्यालय केन्द्रों की होगी निगरानी

**इंदौर।**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग परिसर इंदौर में आज एमपीपीएससी कमांड कंट्रोल रूम का शुभारंभ हुआ। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री राजेश लाल मेहरा ने फीता काटकर एमपीपीएससी कंट्रोल रूम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की सचिव श्रीमती शीतला पटले, उप सचिव श्रीमती कीर्ति खुरासिया, आयोग के सदस्य श्री नरेन्द्र कोष्ठी, डॉ. पिंकेश लता रघुवंशी, परीक्षा नियंत्रक श्री वीरेन्द्र कुमार गुप्ता, ओएसडी डॉ. रविन्द्र पंचभई, श्रीमती निधि राजपूत, एनआईसी के निदेशक श्री शैलेन्द्र नाहर और इनोवेटिव इंडिया लिमिटेड के वाइस प्रेसीडेंट श्री दीपक द्विवेदी विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस मौके पर मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री राजेश लाल मेहरा ने एमपीपीएससी कमांड कंट्रोल रूम का अवलोकन किया और इसकी सराहना की। कार्यक्रम




में बताया गया कि उक्त कंट्रोल रूम के बन जाने से आयोग द्वारा आगामी सभी भर्ती प्रक्रियाओं को मजबूती मिलेगी और कदाचरण की समस्याओं को आसानी से दूर किया जा सकेगा। उक्त कंट्रोल रूम में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2026 में नवीन त्रि-स्तरीय प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी को शामिल किया गया है। इसके तहत अभ्यर्थियों को बॉयोमेट्रिक प्रमाणीकरण, सीसीटीवी वेबकास्टिंग से निगरानी, अत्याधुनिक मेटल डिटेक्टर (॥॥स्ष्ठ) द्वारा महिला एवं पुरूष की अलग-अलग तलाशी शामिल है। इस कंट्रोल रूम के द्वारा प्रदेश के 54 जिला मुख्यालय केन्द्रों पर आयोजित होने वाली राज्य सेवा परीक्षा की सतत् निगरानी होगी। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रदेश के 54 जिला मुख्यालयों पर स्थित किसी भी परीक्षा केन्द्रों पर यदि कहीं कोई कदाचरण या गड़बड़ी की आशंका होने पर या आपातकालीन स्थिति में आवश्यकता पड़ने पर कंट्रोल रूम के माध्यम से केन्दाध्यक्षों से सीधी बातचीत कर उसका समाधान किया जा सकेगा। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आगामी 26 अप्रैल को आयोजित होने वाली राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा की निगरानी भी उक्त कंट्रोल रूम द्वारा की जाएगी।






# स्वच्छ इंदौर - स्वस्थ इंदौर महा अभियान 2.0 का शुभारंभ

## महापौर ने वार्ड 9 से किया आगाज, पहले चरण में 4 वार्डों में चलेगा अभियान

**इंदौर।**

शहर को स्वच्छता में अग्रणी बनाए रखने और नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा 'स्वच्छ इंदौर - स्वस्थ इंदौर महा अभियान 2.0' की शुरुआत की गई।

अभियान का शुभारंभ महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने वार्ड क्रमांक 9 स्थित वृंदावन कॉलोनी से किया। इस अभियान के तहत सभी विधानसभा क्षेत्रों के वार्डों में व्यापक सफाई, कचरा प्रबंधन, फॉगिंग, छिड़काव एवं स्वास्थ्य सुरक्षा उपाय किए जाएंगे, ताकि मौसमी और संक्रामक बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित हो सके।

महापौर श्री भार्गव ने कहा कि स्वच्छता को बनाए रखना एक सतत और चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है। इंदौर ने नागरिकों की जागरूकता के कारण देशभर में अपनी अलग पहचान बनाई है और शहर आगे भी स्वच्छता में शीर्ष स्थान बनाए रखेगा। उन्होंने बताया कि अभियान के प्रथम चरण में विधानसभा क्रमांक 1 के अंतर्गत वार्ड 9, 3, 4 और 13 में आगामी 15 दिनों तक विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद अन्य क्षेत्रों में इसे चरणबद्ध तरीके से विस्तार दिया जाएगा।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री आकाश विजयवर्गीय, सचेतक श्री कमल वाघेला, महापौर प्रतिनिधि श्री शैलू दवे सहित जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, नागरिक एवं निगम अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधुर नगर में एक हजार 182 किलोग्राम अवैध भांग बरामद

**इंदौर ।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर आज 25 अप्रैल 2026 को विधुर नगर क्षेत्र में प्रभावी कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान आरोपी संजय मिश्रा के निवास 102-क्च विधुर नगर पर दबिश दी गई। जहाँ से अवैध रूप से संग्रहीत भांग बुरादा बरामद किया गया। मौके से कुल एक हजार 182 किलोग्राम भांग बुरादा आरोपी के कब्जे से जप्त किया गया,जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 2 लाख 36 हजार 400 रुपए है। उक्त प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। यह कार्रवाई कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल, सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री राघवेंद्र कुशवाह एवं श्री कमलेश सोलंकी (उड़न दस्ता प्रभारी) के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्यवाही में आरक्षक श्री मुकेश रावत एवं श्री अजय का विशेष योगदान रहा।



## वार्ड 49 में होंगे 33 लाख के विकास कार्य



**रतलाम।** वार्ड क्रमांक 49 में डॉ. देवीसिंह की गली ग्राउण्ड बैकलेन गलियों एवं नीमचौक, बजाजखाना बैकलेन की गलियों का सीमेन्टीकरण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, क्षेत्रिय पार्षद एवं महापौर परिषद सदस्य श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष सोनू यादव, मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, मयूर पुरोहित, महापौर परिषद सदस्य, पार्षदगण तथा क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर कहा कि वार्ड 49 में लगातार हो रहे विकास कार्यों से वार्ड आदर्श मॉडल वार्ड की ओर अग्रसर हो रहा है। वर्तमान निगम परिषद ने रतलाम में ऐतिहासिक विकास कार्य किए हैं जिससे लाभ शहर के नागरिकों को मिल रहा है। भूमि पूजन के अवसर पर महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, राजू सोनी, अक्षय संघवी, रामलाल डाबी, पार्षद हितेश कामरेड, शक्तिसिंह राठौर, योगेश पापटवाल, धर्मेंद्र रांका, श्रीमती निशा सोमानी, श्रीमती आयुषी सांखला, श्रीमती अनिता वसावा, श्रीमती हिना मेहता, श्रीमती प्रीति कसेरा, श्रीमती शबाना खान, पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र चौहान, शेरु पठान, संजय कसेरा, जयेश वसावा, राजेश माहेश्वरी के अलावा शांतिलाल उपाध्याय, मोहन चौपड़ा, राकेश मेहता, विपिन श्रीमाल, भारती पाटीदार, राजकुमार शर्मा, मयूर गांधी, राज भाई, महेश त्रिपाठी, अमित पांड्या, आशीष पाटीदार, मुकेश तिवारी, मनीष उपाध्याय, लोकेश शर्मा, राजेश व्यास, सत्यनारायण उपाध्याय, संदीप पंडित, नरेंद्र पाटीदार, अजय भंडारी सहित क्षेत्रिय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गौरव त्रिपाठी ने किया स्वागत भाषण विपिन श्रीमाल दिया तथा आभार क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती सपना गौरव त्रिपाठी ने किया।

# भागीरथपुरा घटना के बाद सतर्क हुआ नगर निगम

## 105 पानी की टंकियों पर लगेंगे CCTV कैमरे; नियमित होगी जांच

**इंदौर।**

भागीरथपुरा कांड के बाद इंदौर नगर निगम शहर की पानी सप्लाई व्यवस्था में बड़े बदलाव करने जा रहा है। सभी 105 पानी की टंकियों पर सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरे लगेंगे, 500 टैंकरों की व्यवस्था के साथ नियमित लैब टेस्टिंग



भागीरथपुरा में हुई हालिया घटना के बाद शहर की जल वितरण प्रणाली को लेकर नगर निगम प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। प्रशासन अब पानी की टंकियों की सुरक्षा और आपूर्ति की शुद्धता को लेकर किसी भी प्रकार का जोखिम उठाने के मूड में नहीं है। इसी कड़ी में नगर निगम ने शहर की सभी 105 पानी की टंकियों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव तैयार किया है। इस योजना के तहत न केवल टंकियों की निगरानी की जाएगी, बल्कि सरकारी बोरिंग और कुओं से मिलने वाले पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच भी सुनिश्चित की जाएगी।

### टंकियों की सुरक्षा और निगरानी के लिए लगेंगे कैमरे

नगर निगम के जलकार्य व सीवरेज प्रभारी एवं एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा ने बताया कि नगर निगम की नई योजना के अनुसार शहर की सभी जलापूर्ति टंकियों को अब सख्त निगरानी के दायरे में लाया जा रहा है। टंकियों के ऊपरी हिस्सों तक पहुंचने वाले सभी रास्तों को दुरुस्त किया जाएगा और उन्हें स्थायी रूप से बंद रखने के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। वहां कैमरों की स्थापना की जाएगी ताकि किसी भी अनधिकृत व्यक्ति का प्रवेश रोका जा सके। निगम का मानना है कि इन सुरक्षा उपायों से जल स्रोतों की सुरक्षा पुख्ता होगी और भविष्य में किसी भी तरह की संभावित छेड़छाड़ की आशंका पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।

## भोपाल में प्रांत अध्यक्ष का स्वागत, संगठनात्मक मुद्दों पर हुई चर्चा

**रतलाम।** म.प्र. अजाक्स जिला शाखा रतलाम के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी के नेतृत्व में भोपाल में प्रांत अध्यक्ष श्री संतोष वर्मा का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया।इस दौरान संगठन की गतिविधियों और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और आगामी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष रमेश कटारिया, जिला उपाध्यक्ष आर.सी. मईडा, डॉ. बलराज सिंह चौहान तथा जिला सचिव शैलेंद्र सिंह भिड़े उपस्थित रहे।

# आयुक्त द्वारा राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक

**इंदौर।**

आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा हेतु सिटी बस ऑफिस में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर आयुक्त श्री श्रृंगार श्रीवास्तव, उपायुक्त डॉ. केशव सगर, श्री प्रदीप जैन सहित समस्त सहायक राजस्व अधिकारी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान आयुक्त श्री सिंघल ने शहर विकास में राजस्व विभाग की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य प्रोफेशनल तरीके से एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने समस्त सहायक राजस्व अधिकारियों एवं बिल कलेक्टरों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन प्रातः अपने-अपने जोन एवं वार्ड क्षेत्रों में फील्ड पर उपस्थित होकर राजस्व वसूली से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें, जिससे निगम की आय में वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

समीक्षा के दौरान आयुक्त ने



पाया कि विगत वित्तीय वर्ष में राजस्व वसूली के अनुपात में संपत्तियों की रसीदें अपेक्षाकृत कम कटी हैं। इस पर उन्होंने निर्देश दिए कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के साथ-साथ अधिक से अधिक संपत्ति कर रसीदें जारी करना सुनिश्चित किया जाए।

आयुक्त श्री सिंघल ने सभी सहायक राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 31 मई तक समस्त बिलों का वितरण अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने बेसिक संपत्ति सर्वे करने के निर्देश देते हुए कहा कि मौके पर जाकर संपत्तियों का भौतिक सत्यापन किया जाए तथा निगम रिकॉर्ड से मिलान किया जाए। सर्वे के दौरान करदाता का मोबाइल नंबर, संपत्ति का उपयोग (आवासीय/व्यावसायिक) एवं अन्य आवश्यक जानकारी अद्यतन करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि 31 मई तक समीक्षा बैठक में दिए गए सभी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए कार्यवाही पूर्ण की जाए तथा निरंतर सर्वे कर निगम के रिकॉर्ड को अद्यतन एवं संशोधित किया जाए। इसके अतिरिक्त आयुक्त द्वारा नागरिकों को अग्रिम संपत्ति कर एवं जलकर भुगतान पर दी जा रही आकर्षक छूट एवं लाभों की जानकारी व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार के माध्यम से पहुंचाने के निर्देश दिए गए, जिससे अधिक से अधिक नागरिक इन सुविधाओं का लाभ उठाकर समय पर कर जमा करें।

# आपका अपना अखबार

साप्ताहिक

# राष्ट्रीय जनभावना


दैनिक राष्ट्रीय जनभावना

वर्ष-3, अंक-281 इन्दौर रविवार 05 अप्रैल 2026 पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

RNI-MPHIN/2013/53761,

चाणक्य नीति

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

यूके सहित 23 देशों में फैला कोरोना का नया वैरिएंट

अनूपपुर में 4 मंजिला लॉज गिरी, 2 मौतें

राज्य सरकार कर रही चुनाव टालने की कोशिश

मिडिल ईस्ट जंग में अमेरिका-इजराइल की सैन्य शक्ति पर भारी पड़ रहा आईआरजीसी...

ईरान ने तोड़ा ट्रंप का अहंकार!

कानून के क्षेत्र में होनी चाहिए 30 फीसदी भागीदारी महिलाओं की

जज पर एडीशनल सेशन जज के घर चोरी के आरोप

2026 में गिर जाएगी मोदी सरकार हम करेंगे दिल्ली को टारगेट

## अतिशीघ्र होने जा रहा है...

दैनिक

# राष्ट्रीय जनभावना

**प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979**

E-mail: janbhavana.ind@gmail.com

# ईरान ने खारिज किया ट्रंप का अंदरूनी मतभेद का दावा; ड्रोन हमले के बाद कुवैत एयरपोर्ट में लगी आग



**तेहरान/वाशिंगटन, एजेंसी।** ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघर गालिबाफ ने गुरुवार को देश के भीतर आंतरिक विभाजन के दावों को सख्ती से खारिज किया और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़े बयानों का जवाब दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि ईरान में किसी तरह का विभाजन नहीं है और सभी लोग एकजुट हैं तथा देश के नेतृत्व के प्रति वफादार हैं। उन्होंने लिखा कि ईरान में न तो कोई चरमपंथी है और न ही नरमपंथी, बल्कि सभी 'ईरानी' और 'क्रांतिकारी' हैं। गालिबाफ ने यह भी कहा कि देश बाहरी दबावों के बावजूद पूरी तरह एकजुट है और सरकार तथा जनता के बीच 'लोहे जैसी एकता' मौजूद है। उन्होंने इस्लामी गणराज्य के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के प्रति पूर्ण निष्ठा का भी जिक्र किया।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान किसी भी आक्रमण करने वाले को उसके कृत्यों पर पछताने पर मजबूर करेगा। उन्होंने कहा कि ईरान का मार्ग एकता और जीत का मार्ग है, जिसमें एक अल्लाह, एक नेता और एक राष्ट्र शामिल हैं। यह बयान उस समय आया, जब ट्रंप ने पहले दावा किया था कि ईरान के नेतृत्व में कट्टरपंथियों और नरमपंथियों के बीच आंतरिक मतभेद और संघर्ष चल रहा है।

**गुयाना का दावा:** जब्त टैंकर गलत तरीके से उसके झंडे का इस्तेमाल कर रहा था दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना ने कहा है कि एशिया में अमेरिका द्वारा जब्त किया गया एक तेल टैंकर गलत तरीके से उसके देश का झंडा इस्तेमाल कर रहा था। यह टैंकर कथित तौर पर प्रतिबंधित ईरान के कच्चे तेल को ले जा रहा था, जिस कारण अमेरिका ने इसे जब्त किया। गुयाना के समुद्री प्रशासन विभाग ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि यह जहाज उनके देश में पंजीकृत (रजिस्टर्ड) नहीं है। इसलिए इसका गुयाना का झंडा दिखाना पूरी तरह गलत और धोखाधड़ी है। **इस्राइली सेना का दावा- लेबनान में मिसाइल लॉन्चर को निशाना बनाया** इस्राइल ने कहा कि उसने लेबनान में उस मिसाइल लॉन्चर को निशाना बनाकर हमला किया है, जिसने गुरुवार को इस्राइल की ओर मिसाइल दागी थी, जिसे इस्राइली एयर डिफेंस ने रोक दिया था। इस हमले की जिम्मेदारी हिजबुल्ला ने ली है। इस्राइल की ओर से यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि इस्राइल-लेबनान के बीच संघर्षविराम को तीन हफ्ते के लिए बढ़ा दिया गया है। हिजबुल्ला ने कहा कि उसने लेबनान के याते गांव पर हुए इस्राइली हमले के जवाब में इस्राइल पर रॉकेट दागे। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस्राइली तोपखाने की गोलाबारी में एक बच्चे सहित दो लोग घायल हुए हैं। मंत्रालय ने यह भी बताया कि नबातिये क्षेत्र में इस्राइली हवाई हमले में तीन लोगों की मौत हुई। वहीं, इस्राइली सेना ने दावा किया कि उसने उन तीन लड़ाकों को मार गिराया है, जिन्होंने इस्राइली विमान पर मिसाइल दागी थी। **ड्रोन हमले के बाद कुवैत के हवाई अड्डे पर लगी आग** ड्रोन हमले के बाद कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आग लग गई। कुवैत के विमानन प्राधिकरण ने बताया कि ड्रोन ने हवाई अड्डे पर एक ईंधन टैंक को निशाना बनाया, जिससे यह आग लगी। हवाई अड्डा के प्रवक्ता अब्दुल्ला अल-राजही ने कुवैत न्यूज एजेंसी को बताया कि शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार नुकसान केवल संपत्ति तक सीमित है और कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने तुरंत आपातकालीन प्रक्रिया दी और दमकल दल व संबंधित एजेंसियां आग पर काबू पाने में जुटी हुई हैं। **कुवैत ने अपना हवाई क्षेत्र फिर से खोला** फरवरी के अंत में अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद कुवैत ने पहली बार अपना हवाई क्षेत्र फिर से खोल दिया है। कुवैत के विमानन प्राधिकरण के महानिदेशक हमूद मुबारक ने सरकारी समाचार एजेंसी केयूएनए को बताया कि कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का हवाई क्षेत्र गुरुवार से फिर से खोल दिया गया है। इसे 28 फरवरी से क्षेत्र की स्थिति के कारण अस्थायी और एहतियाती तौर पर बंद किया गया था। उन्होंने कहा कि यह कदम एक चरणबद्ध योजना का हिस्सा है, जिसके तहत धीरे-धीरे हवाई यातायात बहाल किया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में हवाई अड्डे का संचालन पूरी तरह सामान्य किया जा सके। मुबारक ने यह भी बताया कि हवाई अड्डे की कुछ सुविधाओं को ईरान और उससे जुड़े सशस्त्र समूहों के हमलों से जो नुकसान हुआ था, उसका आकलन पूरा कर लिया गया है।

# अमेरिकी वॉर कॉलेज के हॉल ऑफ फेम में शामिल किए गए भारतीय सेना प्रमुख




**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को अमेरिका के आर्मी वॉर कॉलेज कार्लाइल बैरक्स के अंतरराष्ट्रीय हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। भारतीय सेना ने शुक्रवार को इसे उनकी सैन्य सेवा और नेतृत्व का महत्वपूर्ण सम्मान बताया। जनरल द्विवेदी इस सम्मान को पाने वाले तीसरे भारतीय सेना प्रमुख बन गए हैं। इससे पहले जनरल वी.के. सिंह और जनरल बिक्रम सिंह को यह गौरव मिल चुका है।

**भारतीय सेना ने किया ट्वीट :** भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा पोस्ट में लिखा, 'जनरल उपेंद्र द्विवेदी, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ने आर्मी वॉर कॉलेज कार्लाइल बैरक्स, यूएसए का दौरा किया, जहां उन्हें अंतरराष्ट्रीय हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। यह सम्मान पाने वाले वह तीसरे भारतीय सेना प्रमुख हैं। पोस्ट में आगे कहा गया कि सेना प्रमुख ने वॉर कॉलेज की फैकल्टी और अंतरराष्ट्रीय सैन्य अधिकारियों को नेतृत्व, पेशेवर सैन्य शिक्षा और बदलते सुरक्षा परिदृश्य पर संबोधित किया। स्कूल के फेलो और इस प्रतिष्ठित संस्थान के पूर्व छात्र रहे जनरल द्विवेदी ने कॉलेज की प्रमुख सुविधाओं का दौरा किया और शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लिया, जिसमें पैनल चर्चा, शोध परियोजनाओं की समीक्षा और संस्थान के विशेषज्ञों से संवाद शामिल रहा।

**दूतावास ने कहा- भारत अमेरिका में बढ़ रही रणनीतिक साझेदारी :** इससे पहले सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने वॉशिंगटन में इंडिया हाउस में जनरल उपेंद्र द्विवेदी की मेजबानी की। भारतीय दूतावास ने बताया कि यह दौरा हाल ही में नौसेना और वायु सेना प्रमुखों की यात्राओं के बाद हो रहा है, जो भारत-अमेरिका के बीच उच्चस्तरीय सैन्य सहयोग को दर्शाता है। दूतावास के अनुसार, रक्षा सहयोग भारत-अमेरिका वैश्विक रणनीतिक साझेदारी का एक अहम स्तंभ है और ऐसे दौरे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के साथ-साथ मुक्त, खुले और समृद्ध हिंद प्रशांत क्षेत्र के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में सहायक होंगे। इससे पहले, जनरल द्विवेदी को हवाई स्थित फोर्ट शाफ्टर में यूएस आर्मी पैसिफिक के दौरे के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

# जब तक ईरान समझौते पर सहमत नहीं हो जाता, तब तक अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट पर दबदबा बनाए रखेगा : ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जब तक ईरान कोई समझौता नहीं करता, तब तक अमेरिका स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर अपना नियंत्रण बनाए रखेगा। उन्होंने साफ कहा कि इस अहम तेल मार्ग को दबाव बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। ट्रंप ने कहा, 'इस पर हमारा पूरा नियंत्रण है। यह रास्ता तभी खुलेगा जब वे कोई समझौता करेंगे या फिर कोई और सकारात्मक स्थिति बनेगी।' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस रास्ते को बंद रखने का मकसद ईरान की अर्थव्यवस्था पर दबाव डालना है। ट्रंप बोले, 'अगर हम यह रास्ता खोल देते हैं, तो ईरान रोज़ाना करीब 500 मिलियन डॉलर कमाएगा। जब तक मामला सुलझ नहीं जाता, मैं नहीं चाहता कि वे इतना पैसा कमाएं। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज एक संकरा समुद्री रास्ता है, जो खाड़ी के तेल उत्पादक देशों को दुनिया के बाजारों से जोड़ता है। यहां किसी भी तरह की रुकावट से तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव आता है और सप्लाई को लेकर चिंता बढ़ जाती है। ट्रंप ने माना कि इसका असर आम लोगों पर भी पड़ सकता है। ईंधन की कीमतों को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'थोड़े समय के लिए असर होगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि बाजार अभी स्थिर हैं। ट्रंप बोले, 'शेयर बाजार अपने उच्चतम स्तर पर है। मुझे लगा था कि तेल की कीमत 200 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और कीमतें उम्मीद से काफी अलग हैं। प्रशासन ने कहा कि देश में ज्यादा उत्पादन होने से स्थिति संभली हुई है। ट्रंप ने बताया, 'हम इस समय अपने इतिहास में सबसे ज्यादा तेल और गैस का उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, 'जब तक यह रास्ता बंद है, दुनिया भर से जहाज टेक्सास, लुइसियाना और अलास्का आ रहे हैं, ताकि अमेरिका से तेल ले सकें।' ट्रंप ने इस पूरे दबाव को सुरक्षा से भी जोड़ा। उन्होंने कहा, 'हम उन्हें परमाणु हथियार नहीं रखने दे सकते।' उन्होंने यह भी संकेत दिया कि इस मामले का हल जल्दी नहीं निकलेगा। ट्रंप ने कहा, 'मुझे कोई जल्दबाजी नहीं है, हमारे पास काफी समय है।' इससे साफ है कि तेल के सीमित प्रवाह के कारण ईरान पर दबाव बढ़ता जाएगा।

# ट्रंप ने इजरायल और लेबनान के बीच युद्ध विराम को तीन सप्ताह के लिए बढ़ाने की घोषणा की



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल और लेबनान के बीच युद्ध विराम को तीन सप्ताह के लिए बढ़ाने की घोषणा की। इसके साथ ही इसे एक 'ऐतिहासिक' कदम बताया और वाशिंगटन में दोनों पक्षों के बीच संभावित सीधी बातचीत का संकेत दिया। यह फैसला ओवल ऑफिस में हुई एक बैठक के बाद सामने आया, जिसमें दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। अमेरिका में लेबनान की राजदूत नादा हमादेह मोवाद और इजरायल के राजदूत येचिएल लीटर बैठक में शामिल थे। ट्रंप ने कहा, 'वे तीन सप्ताह के अतिरिक्त युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं, अब और गोलीबारी नहीं होगी। दोनों देशों के नेता आने वाले सप्ताह में वाशिंगटन का दौरा कर सकते हैं।' उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस कदम को 'एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक क्षण' बताया और दोनों पक्षों को एक साथ लाने का श्रेय राष्ट्रपति की सीधी भागीदारी को दिया। उन्होंने कहा कि इस विस्तार से दोनों देशों को दीर्घकालिक समाधान खोजने के लिए अवसर मिलेगा। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि इजरायल और लेबनान दोनों को हिजबुल्लाह को लेकर एक जैसी सुरक्षा चिंता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दोनों देश एक ही आतंकवादी संगठन के शिकार हैं, और आशा व्यक्त की कि युद्धविराम से दोनों देशों के बीच स्थायी शांति स्थापित हो सकती है। इजरायली राजदूत येचिएल लीटर ने कहा कि इजरायल शांति और नागरिकों की सुरक्षा चाहता है। दोनों सरकारें एकजुट हैं और हिजबुल्लाह के प्रभाव से देश को मुक्त कराना चाहती हैं। लेबनान की राजदूत नादा हमादेह मोवाद ने अमेरिकी समर्थन का स्वागत करते हुए कहा, 'आपकी मदद और समर्थन से हम लेबनान को फिर से स्थिर बना सकते हैं। ट्रंप ने युद्धविराम के प्रयास को व्यापक क्षेत्रीय कूटनीति से जोड़ा, जिसमें ईरान से संबंधित अमेरिकी प्रयास भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'इजरायल-लेबनान वार्ता, उन कुछ मुद्दों की तुलना में आसान होनी चाहिए जिन पर हम काम कर रहे हैं। दोनों पक्ष एक साझा खतरे के खिलाफ एकजुट हैं।' ट्रंप ने दोहराया कि हमले की स्थिति में इजरायल को जवाबी कार्रवाई का अधिकार है। उन्होंने कहा, 'इजरायल को अपनी रक्षा करनी होगी और वे करेंगे। कोई भी जवाबी कार्रवाई 'सतर्क' और 'सटीक' होगी। राष्ट्रपति ने यह भी संकेत दिया कि सऊदी अरब जैसे क्षेत्रीय देश भविष्य की वार्ताओं में भूमिका निभा सकते हैं। सऊदी अरब 'इससे बहुत खुश होगा' और शांति प्रयासों का समर्थन करेगा।

ट्रंप ने लेबनान में स्थिरता की संभावनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि बहुत अच्छी संभावना है कि वार्ता बहुत जल्दी फिर से शुरू हो सकती है। यह युद्धविराम विस्तार इजरायल-लेबनान सीमा पर लगातार तनाव के बीच हुआ है, जहां हिजबुल्लाह एक प्रमुख सशस्त्र समूह बना हुआ है। ईरान समर्थित यह समूह लंबे समय से क्षेत्रीय संघर्षों का केंद्र रहा है और इसे संयुक्त राज्य अमेरिका और इजरायल द्वारा आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है।

## जियोस्टार का राजस्व 2025-26 में 36,248 करोड़ रुपये रहा

नई दिल्ली ।

मीडिया और मनोरंजन मंच जियोस्टार ने कहा कि मार्च तिमाही के दौरान उससे 9,784 करोड़ रुपये का सकल राजस्व और 419 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया। रिलायंस के मीडिया व्यवसाय और वैश्विक मीडिया दिग्गज वॉल्ट डिज्नी के भारतीय व्यवसाय के विलय के बाद बने संयुक्त उद्यम जियोस्टार का वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक सकल राजस्व 36,248 करोड़ रुपये रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के अनुसार जियोस्टार की सदस्यता राजस्व वृद्धि पूरे वर्ष डिजिटल और टीवी दोनों में मजबूत रही। बयान में कहा गया कि यह वृद्धि खेल कार्यक्रमों की विस्तृत श्रृंखला और प्रमुख मनोरंजन फ्रेंचाइजी में रिकॉर्ड जुड़ाव के कारण हुई है। इस संयुक्त उद्यम के पास अधिकांश प्रमुख क्रिकेट प्रसारण अधिकार हैं और उसने तिमाही के दौरान औसतन 50 करोड़ मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता दर्ज किए।

## उतार-चढ़ाव की सुनामी, सेंसेक्स और निफ्टी 2.5 फीसदी से नीचे लुढ़के

### अमेरिका-ईरान वार्ता में गतिरोध और 100 डॉलर के पार कच्चे तेल ने बाजार पर डाला दबाव

मुंबई।

भारतीय शेयर बाजार के लिए पिछला सप्ताह बेहद निराशाजनक रहा, जहां प्रमुख सूचकांकों में 2 से 2.5 फीसदी तक की भारी गिरावट दर्ज की गई।

कच्चे तेल की कीमतों में अप्रत्याशित उछाल और अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की बातचीत में देर या गतिरोध ने वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव को हवा दी, जिसका सीधा असर निवेशकों के सेंटिमेंट पर पड़ा। पूरे हफ्ते बाजार भारी उतार-चढ़ाव से जूझता रहा, लेकिन अंततः लाल निशान पर बंद होकर निवेशकों के लाखों करोड़ रुपये को बहा ले गया। सोमवार को बाजार ने अस्थिर शुरुआत की। पहले प्री-ओपनिंग की बढ़त गंवाकर सेंसेक्स में 200 अंक से अधिक की गिरावट आई और निफ्टी 24,300 से नीचे पहुंच गया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक और आरआईएल ने बाजार पर सबसे ज्यादा दबाव डाला। हालांकि, बाद में खरीदारी लौटने से बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान पर लौट आए और मामूली बढ़त के साथ बंद हुए।

भू-राजनीतिक चुनौतियों और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बावजूद सेंसेक्स 26.76 अंक और निफ्टी 11.30 अंक बढ़कर बंद हुए। मंगलवार को भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद बाजार में जोरदार तेजी दिखी। अमेरिका-ईरान वार्ता की खबरों और ब्रेंट क्रूड के 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आने की उम्मीद ने निवेशकों के सेंटिमेंट को बढ़ावा दिया।

सेंसेक्स 753.03 अंक चढ़कर 79,273.33 पर और निफ्टी 211.75 अंक बढ़कर 24,576.60 पर बंद हुआ, जिसमें अदाणी पोर्ट्स और आईसीआईसीआई बैंक जैसे शेयर दो फीसदी तक चढ़े।

हालांकि, यह तेजी अल्पकालिक साबित हुई। तीन दिन की बढ़त के बाद बुधवार को आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के चलते बाजार ने गिरावट दर्ज की। सेंसेक्स 756.84 अंक गिरकर 78,516.49 पर और निफ्टी 198.50 अंक की गिरावट के साथ 24,378.10 पर बंद हुआ।

## भारतीय सोलर पर अमेरिकी शुल्क का असर, विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा

नई दिल्ली।

भारत के आर्थिक मोर्चे पर इस सप्ताह मिली-जुली खबरें रहीं। अमेरिका ने भारतीय सोलर सेल और पैनल पर 123.04 फीसदी प्रारंभिक एंटी-डंपिंग शुल्क लगाने की घोषणा की है, जिससे मुंद्रा सोलर जैसी चार भारतीय कंपनियां प्रभावित होंगी। यह कार्रवाई अमेरिकी कंपनियों की शिकायत पर की गई है, जिसमें भारतीय उत्पादों पर वास्तविक लागत से कम पर बेचने का आरोप है। सकारात्मक पक्ष पर भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.362 अरब डॉलर बढ़कर 703.308 अरब डॉलर हो गया, जो अर्थव्यवस्था के लिए एक मजबूत संकेत है। हालांकि, पश्चिम एशिया में तनाव के कारण आरबीआई को रुपये को सहारा देने के लिए डॉलर बेचकर हस्तक्षेप करना पड़ा। घरेलू स्तर पर सेबी ने निवेशकों की सुरक्षा के लिए अनपेड सिक्योरिटीज के नियमों में बदलाव सुझाए हैं, जिससे भुगतान के लिए 5 ट्रेडिंग दिन का समय मिल सकेगा। वहीं एसबीआई कैप्स की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का पावर ट्रांसमिशन सेक्टर वित्त वर्ष 2027 में 7.6 लाख करोड़ रुपये के निवेश के साथ पांच सुस्त वर्षों के बाद रिकवरी की ओर बढ़ सकता है।

## क्या फ्लैक्सी कैप और लार्ज एंड मिड कैप में निवेश से मिल रहा दोहरा फायदा?

### निवेशकों को लग सकता है झटका, एक ही एएमसी में निवेश का जोखिम

नई दिल्ली ।

म्यूचुअल फंड निवेशकों के बीच फ्लैक्सी कैप और लार्ज एंड मिड कैप फंड्स की लोकप्रियता बढ़ रही है। कई निवेशक मानते हैं कि दोनों कैटेगरी में निवेश से उनका पोर्टफोलियो सुरक्षित और डाइवर्सिफाइड हो जाएगा, लेकिन असल तस्वीर थोड़ी अलग है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, इन फंड्स के पोर्टफोलियो में काफी ओवरलैप देखा जा रहा है, खासकर एक ही एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) के फंड्स में, जिससे डाइवर्सिफिकेशन का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाता। वैल्यू रिसर्च के विश्लेषण में सामने आया है कि करीब 31 फंड पेयर्स में से 16 में 40 प्रतिशत से अधिक स्टॉक्स का ओवरलैप था। इसका मतलब है कि निवेशक अनजाने में एक ही स्टॉक्स में दो बार पैसा लगा रहे होते हैं। बाजार के विश्लेषक बताते हैं कि फ्लैक्सी कैप फंड्स को बाजार की स्थिति के अनुसार लार्ज, मिड या स्मॉल कैप में निवेश बदलने की आजादी होती है, जबकि लार्ज एंड मिड कैप फंड्स को न्यूनतम 35 फीसदी लार्ज कैप और 35 फीसदी मिड कैप में निवेश करना अनिवार्य है। हालांकि फ्लैक्सी कैप फंड्स अक्सर लार्ज कैप की ओर ज्यादा झुकाव रखते हैं, जिससे दोनों फंड्स के पोर्टफोलियो में समानता बढ़ जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि निवेशक अपने पोर्टफोलियो को ठीक से मॉनिटर करें और अलग-अलग एएमसी के फंड्स में निवेश करें, तो सीमित ओवरलैप के साथ भी बेहतर संतुलन बन सकता है। एक ही एएमसी के फ्लैक्सी कैप और लार्ज एंड मिड कैप फंड्स में निवेश करने से एएमसी कंसंट्रेशन रिस्क बढ़ता है, क्योंकि एएमसी अक्सर एक जैसी निवेश रणनीति अपनाते हैं। ऐसे में सलाह दी जाती है कि किसी एक एएमसी में कुल पोर्टफोलियो का 25-30 प्रतिशत से अधिक निवेश न करें।

## एलपीजी सिलेंडर संकट गहराया- देशभर में डिलीवरी में भारी देरी, उपभोक्ता परेशान

### बुकिंग नियमों की अस्पष्टता और बढ़ती मांग ने बढ़ाई मुश्किलें

नई दिल्ली । देशभर में रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत और डिलीवरी में देरी ने उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान सहित कई राज्यों में लोग समय पर गैस न मिलने से परेशान हैं, जबकि बुकिंग नियमों की अस्पष्टता और शादी के सीजन की बढ़ती मांग ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। सरकार की कोशिशों के बावजूद सोशल मीडिया पर भी उपभोक्ताओं की नाराजगी साफ दिख रही है। सरकार ने शहरी क्षेत्रों में सिलेंडर बुकिंग के लिए 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन की समय-सीमा तय की है। हालांकि, गैस कंपनियां अगली बुकिंग की तारीख को सप्लाई की तारीख से जोड़ रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं को 7-10 दिन का अतिरिक्त इंतजार करना पड़ रहा है। इस प्रक्रिया ने डिलीवरी को और धीमा कर दिया है। उत्तर प्रदेश के रायबरेली, बस्ती, कानपुर और प्रयागराज जैसे जिलों में सिलेंडर की भारी किल्लत और डिलीवरी में देरी की शिकायतें आम हैं। शादी के सीजन के कारण कॉमर्शियल सिलेंडरों की मांग तेजी से बढ़ी है, लेकिन आपूर्ति सीमित है। प्रयागराज में कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत सुरक्षा राशि सहित 4,600 रुपये से अधिक हो गई है। बिहार के पटना सहित कई इलाकों में बड़ी संख्या में बुकिंग लंबित हैं, जिसके मद्देनजर कुछ जगहों पर राशन दुकानों के माध्यम से कोयले की आपूर्ति शुरू की गई है। मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच गैस की कमी ने हालात बदतर कर दिए हैं। भोपाल में लोग घंटों लाइनों में खड़े रहने को मजबूर हैं, जबकि मैहर में विरोध प्रदर्शनों के चलते सड़कों को जाम कर दिया गया। राजस्थान में शादियों के लिए सिलेंडर लेने हेतु आवेदन के साथ शादी का कार्ड जमा करने जैसी अतिरिक्त औपचारिकताएं लागू की गई हैं, साथ ही लकड़ी और कोयले के इस्तेमाल की सलाह भी दी जा रही है।

# अनुभवी अर्थशास्त्री अशोक लाहिड़ी नीति आयोग के नए उपाध्यक्ष बनेंगे

### पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार सुमन बेरी की जगह लेंगे



नई दिल्ली।

वरिष्ठ अर्थशास्त्री अशोक लाहिड़ी को जल्द ही नीति आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा। इस महत्त्वपूर्ण नियुक्ति के साथ वह एक बार फिर केंद्र सरकार की नीतिगत भूमिका में वापसी करेंगे। लाहिड़ी देश के शीर्ष थिंक टैंक में सुमन बेरी का स्थान लेंगे। यह बदलाव ऐसे समय में हो रहा है जब भारत वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच अपनी आर्थिक वृद्धि और सुधारों को गति देने पर केंद्रित है। उनकी नियुक्ति से देश की आर्थिक रणनीति को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। अशोक लाहिड़ी का अनुभव नीतिगत और अकादमिक दोनों क्षेत्रों में दशकों पुराना है। वह दिसंबर 2002 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार बनाए गए थे और जून 2007 तक इस पद पर कार्यरत रहे। इस कार्यकाल का एक हिस्सा मनमोहन सिंह की सरकार के अधीन भी रहा, जहां उन्होंने देश की वित्तीय नीतियों और आर्थिक सुधारों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सार्वजनिक वित्त और आर्थिक विश्लेषण में उनके गहरे अनुभव को देखते हुए, उम्मीद है कि वे देश की प्राथमिकताओं को तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। प्रेसिडेंसी यूनिवर्सिटी और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के पूर्व छात्र रहे लाहिड़ी ने एशियन डेवलपमेंट बैंक, बंधन बैंक और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी जैसी संस्थाओं में भी अहम जिम्मेदारियां संभाली हैं। उन्होंने विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में भी सलाहकार और वरिष्ठ अर्थशास्त्री के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। हाल ही में पश्चिम बंगाल से भारतीय जनता पार्टी के विधायक के रूप में राजनीति में सक्रिय रहे लाहिड़ी की यह वापसी उन्हें फिर से देश की नीतिगत दिशा तय करने वाली भूमिका में ले आएगी। नीति आयोग में उपाध्यक्ष के तौर पर लाहिड़ी केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उनकी प्राथमिकता लंबी अवधि की आर्थिक योजनाओं और नीतियों को मजबूत करना होगा, जिससे नीति आयोग की सलाहकार भूमिका और अधिक प्रभावी हो सके। सरकार ने लाहिड़ी के साथ जाने-माने वैज्ञानिक गोबर्धन दास को भी नीति आयोग का सदस्य नियुक्त किया है। भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थानों से जुड़े दास के वैज्ञानिक अनुभव से भी नीति निर्माण में लाभ मिलने की उम्मीद है। यह नियुक्तियां भारत के आर्थिक और वैज्ञानिक विकास के लिए एक मजबूत नींव प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

## रिलायंस का मुनाफा 12 फीसदी घटा, आय हुई मजबूत

### चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ घटकर 16,971 करोड़ हुआ

नई दिल्ली ।

रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) को वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में पश्चिम एशिया संघर्ष और उच्च कच्चे तेल की कीमतों के कारण मुनाफे में बड़ी गिरावट का सामना करना पड़ा है। कंपनी का संचयी मुनाफा 12.6 फीसदी घटकर 16,971 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 19,407 करोड़ रुपए से कम है। यह पिछले 14 तिमाहियों में दर्ज सबसे बड़ी गिरावट है। वैश्विक उथल-पुथल और ऊर्जा की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद, आरआईएल ने मजबूत राजस्व वृद्धि प्रदर्शित की। चौथी तिमाही में कंपनी की संचयी आय 12.5 फीसदी बढ़कर 2.94 लाख करोड़ रुपए रही, जो 13 तिमाहियों में सबसे तेज वृद्धि है। पूरे वित्त वर्ष 2026 में, रिलायंस 10.57 लाख करोड़ रुपये की कुल शुद्ध बिक्री के साथ 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वार्षिक आय अर्जित करने वाली पहली भारतीय कंपनी बनी।

# कच्चे तेल के बाद अब पाम तेल की किल्लत का खतरा

### खाने से लेकर रोजमर्रा के उत्पादों तक पर पड़ेगा असर



नई दिल्ली ।

वैश्विक तनावों और पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों के बीच भारत एक और बड़े संकट की ओर बढ़ रहा है। कच्चे तेल की आपूर्ति में संभावित बाधाओं के साथ-साथ अब देश के लिए पाम तेल की उपलब्धता पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, जिससे रोजमर्रा के जीवन पर गहरा असर पड़ने की आशंका है। भारत दुनिया में पाम तेल का सबसे बड़ा आयातक है, अपनी अधिकांश जरूरतों के लिए इंडोनेशिया और मलेशिया पर निर्भर करता है। हाल ही में इंडोनेशिया द्वारा पाम तेल के निर्यात पर संभावित प्रतिबंध लगाने की घोषणा से भारत की खाद्य सुरक्षा पर संकट गहरा गया है। भारत हर साल लगभग 95 लाख टन पाम तेल का उपयोग करता है, जबकि उत्पादन 4 लाख टन से भी कम है। यह देश के कुल खाद्य तेल का 40 फीसदी है, जो सस्ता होने और लंबे समय तक स्थिर रहने के कारण आधे से अधिक परिवारों की रसोई का अभिन्न अंग है। पाम तेल सिर्फ घरों तक सीमित नहीं है। तले हुए चिप्स, नमकीन, बिस्कुट, केक, इंस्टेंट नूडल्स, चॉकलेट, आइसक्रीम और सभी रेडी-टू-ईट खाद्य पदार्थों में इसका व्यापक उपयोग होता है।

होटल, रेस्तरां और स्ट्रीट फूड विक्रेता भी तलने व मसाला बनाने के लिए इसे प्राथमिकता देते हैं। खाद्य उद्योग में 70 फीसदी से अधिक पाम तेल खपत होता है। इसके अलावा, साबुन, शैम्पू, सौंदर्य प्रसाधन, लोशन और यहां तक कि टूथपेस्ट जैसे गैर-खाद्य उत्पादों में भी इसका बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होता है। पाम तेल की आपूर्ति में किसी भी बाधा से महंगाई बढ़ने और दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित होने की आशंका है।

## इन्फोसिस ने सीईओ पारेख को दिया 51 करोड़ से अधिक का शेयर प्रोत्साहन

### बोर्ड ने प्रदर्शन आधारित रिस्ट्रिक्टेड स्टॉक यूनिट को मंजूरी दी, कर्मचारियों को भी मिलेगा लाभ।

नई दिल्ली । सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी इन्फोसिस ने अपने मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक सलील पारेख को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कुल 51.75 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर प्रोत्साहन के तौर पर देने को मंजूरी दी है। कंपनी के निदेशक मंडल ने हाल ही में इस संबंध में फैसला लिया। यह प्रोत्साहन कंपनी की 2015 और 2019 की शेयर प्रोत्साहन योजनाओं के तहत रिस्ट्रिक्टेड स्टॉक यूनिट (आरएसयू) के रूप में दिया जाएगा। पारेख को इसमें 34.75 करोड़ रुपए के आरएसयू मिलेंगे जो प्रदर्शन लक्ष्यों की पूर्ति के आधार पर एक वर्ष बाद दिए जाएंगे। इसके अलावा, उन्हें 2019 की विस्तारित शेयर स्वामित्व योजना के तहत 10 करोड़ रुपए मूल्य के आरएसयू भी प्रदान किए गए हैं। कंपनी ने पर्यावरण, सामाजिक एवं प्रशासन (ईएसजी) लक्ष्यों से जुड़े 2 करोड़ रुपए और कुल शेयरधारक प्रतिफल (टीएसआर) से जुड़े 5 करोड़ रुपए के अतिरिक्त प्रोत्साहन को भी हरी झंडी दी है। साथ ही इन्फोसिस ने अपने कर्मचारियों के लिए भी शेयर प्रोत्साहन की घोषणा की है, जिसमें 27,193 आरएसयू और 1.90 करोड़ रुपए मूल्य के प्रदर्शन-आधारित शेयर शामिल हैं।

# IPL-संजू के 5 हजार रन पूरे, तीसरे सबसे तेज बैटर

गुजरात टाइटंस ने IPL 2026 के 37वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से हरा दिया। संजू सैमसन ने IPL में 5 हजार रन पूरे किए। वे ऐसा करने वाले तीसरे सबसे तेज प्लेयर बने। रविवार को चेन्नई ने IPL में अपनी दूसरी सबसे धीमी फिफ्टी बनाई। गुजरात के कगिसो रबाडा इस सीजन पावरप्ले के बेस्ट बॉलर बन गए। मैच में दौरान अकील हुसैन और ऋतुराज गायकवाड को चोट लगी।

### 1. संजू ने 3555 बॉल पर 5 हजार रन पूरे किए

संजू सैमसन ने ढ्ढक्क में अपने 5 हजार रन पूरे कर लिए। ष्ट्स्य के खिलाफ उन्होंने 3,555 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की, जो तीसरा सबसे तेज 5 हजार रन हैं। इस लिस्ट में एबी डिविलियर्स नंबर 1 पर हैं, जिन्होंने सिर्फ 3288 गेंद खेली थी। डेविड वॉर्नर 3554 गेंद के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

### 2. रबाडा ने इस सीजन पावरप्ले में 9 विकेट लिए

कगिसो रबाडा ने चेन्नई के खिलाफ 4 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट लिए। इसमें दो विकेट पावरप्ले में आए। रबाडा इस सीजन पावरप्ले में 9 विकेट ले चुके हैं, जो सबसे ज्यादा है। उनेक बाद जोफ्रा आर्चर हैं, जिनके नाम 8 विकेट हैं।

### 3. चेन्नई ने 12वें ओवर में 50 रन पूरे किए


गुजरात के खिलाफ चेन्नई ने 50 रन बनाने में 12 ओवर लगा दिए। यह ढ्ढक्क इतिहास में टीम की दूसरी सबसे धीमी फिफ्टी है। सबसे धीमी टीम फिफ्टी ऋष्टक्क के खिलाफ 2011 में आई थी। टीम ने तब 12.1 ओवर में 50 रन पूरे किए थे।

### 4. ऋतुराज ने 49 गेंद पर फिफ्टी लगाई

ऋतुराज गायकवाड ने 49 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह ष्ट्स्य के लिए संयुक्त रुप से चौथी सबसे धीमी फिफ्टी है। टीम के लिए सबसे धीमी फिफ्टी पार्थिव पटेल ने 2010 में पंजाब किंग्स के खिलाफ बनाई थी। उन्होंने इसके लिए 53 बॉल खेली थी।







### 1. दुबे को 3 जीवनदान मिले

शिवम दुबे के 3 कैच छूटे। पहला कैच 11वें ओवर की पहली गेंद पर विकेटकीपर जोस बटलर छोड़ा। तब शिवम 6 रन पर खेल रहे थे। इसके बाद 15वें ओवर में राशिद खान की गेंद पर साई सुदर्शन से एक मुश्किल कैच छूटा। अगले ओवर की पहली ही गेंद पर सिराज के हाथों से आसान कैच छिटक गया।

### 2. राशिद ने ओवर में 21 रन दिए, फिर बॉलिंग नहीं मिली

राशिद खान को ष्ट्स्य के खिलाफ 14 ओवर तक गेंदबाजी नहीं मिली। 15वें ओवर में वे पहली बार गेंदबाजी के लिए उतरे। इस ओवर में शिवम दुबे और ऋतुराज गायकवाड ने मिलकर 21 रन जड़ दिए। यह इस मैच में राशिद का आखिरी ओवर साबित हुआ। ऐसा पहली बार हुआ जब राशिद किसी ढ्ढक्क मैच में एक ही ओवर फेंक पाए।

### 3. राशिद-सुथार के बीच कन्फ्यूजन से कैच छूटा

चेन्नई की पारी के 18वें ओवर में एक हैरान करने वाला पल दिखा। रबाडा ने ओवर की दूसरी गेंद शॉर्ट फेंकी, जिसपर कार्तिक शर्मा ने पुल शॉट खेला। गेंद डीप स्क्वेयर लेग पर गई। मानव सुथार और राशिद खान दोनों कैच के लिए दौड़े, लेकिन किसी ने भी कॉल नहीं किया। गेंद उनके सामने गिरकर बाउंड्री के पार चली गई।

### 4. अरशद लगातार दो बार रन-अप पर गिरे

पहली पारी के 19वें ओवर में अरशद खान गेंदबाजी के दौरान परेशानी में नजर आए। तीसरी गेंद फेंकने के दौरान अरशद लगातार दो बार रन-अप पर गिर गए। इसके बाद फिजियो ने आकर उन्हें चेक किया और खेल दोबारा शुरू हुआ।

### 5. अरशद की गेंद ऋतुराज की बांह पर लगी

चेन्नई की पारी के दौरान अरशद की गेंद ऋतुराज की बांह पर जा लगी। 13वें ओवर की पहली गेंद अरशद ने शॉर्ट डाली। ऋतुराज ने क्रीज से आगे निकलकर शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद सीधे उनके हाथ पर जा लगी। इसके बाद गायकवाड दर्द में नजर आए और फिजियो को मैदान पर आना पड़ा।

### 6. कैच लेने के दौरान अकील को चोट लगी

गुजरात की पारी के दौरान फील्डर अकील हुसैन कैच पकड़ने के दौरान चोटिल हो गए। 6वें ओवर की दूसरी गेंद अंशुल कंबोज ने शॉर्ट ऑफ गुड लेंथ डाली। अकील ने दौड़कर कैच पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके हाथ से छिटक गई। इस दौरान वे दाएं गाल के बल जमीन से टकराए। वे दर्द में नजर आए, जिसके बाद फिजियो ने आकर उन्हें चेक किया।



## 'स्टिल अलाइव' मेरे जीवन का सबसे सच्चा और दिल से बनाया गया काम है

स्टैंड अप कॉमेडी की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना चुके समय रैना इन दिनों अपने कॉमेडी स्पेशल शो 'स्टिल अलाइव' को लेकर चर्चा में हैं। इस शो को दुनिया भर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रहा है। साथ ही इसने एक ग्लोबल रिकॉर्ड भी बनाया है। दरअसल, यह शो अब दुनिया का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला फुल-लेंथ स्टैंड-अप कॉमेडी स्पेशल बन चुका है। इस पर समय रैना ने कहा कि यह उनके जीवन का सबसे सच्चा और दिल से बनाया गया काम है। 'स्टिल अलाइव' को 7 अप्रैल 2026 को रिलीज किया गया था। रिलीज होते ही इस शो ने इंटरनेट पर धमाल मचा दिया। महज 24 घंटे के अंदर इस कॉमेडी स्पेशल को 22 मिलियन से ज्यादा बार देखा गया। इतने कम समय में किसी फुल-लेंथ स्टैंड-अप शो के लिए ये व्यूज हासिल करना बड़ी उपलब्धि माना जाता है। इसके बाद यह शो लगातार रिकॉर्ड तोड़ता गया। रिलीज के एक हफ्ते के भीतर ही इसके व्यूज 48 मिलियन के पार पहुंच गए। अब यह आंकड़ा 53.4 मिलियन से ज्यादा हो चुका है। इसी के साथ यह दुनिया का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला स्टैंड-अप कॉमेडी स्पेशल बन गया है। इस पर समय रैना ने कहा, ''स्टिल अलाइव' दिल से बनाई सबसे ईमानदार चीज है। मैं हर एक व्यू का श्रेय उन लोगों को देता हूं, जिन्होंने कभी भी मेरा साथ नहीं छोड़ा।'

इस कॉमेडी स्पेशल में समय रैना ने अपनी जिंदगी के अनुभवों को बेहद खुलकर लोगों के सामने रखा है। शो में उन्होंने अपने संघर्ष, मुश्किल हालात और विवादों के बाद की जिंदगी को अपने खास अंदाज में पेश किया है। दरअसल, 'स्टिल अलाइव' उस बड़े विवाद के करीब एक साल बाद आया, जिसने समय रैना को सुर्खियों में ला दिया था। उनके शो 'इंडिया गॉट लेटेंट' के एक एपिसोड में पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया के एक कमेंट को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया था। हालांकि इन सब मुश्किलों के बावजूद समय रैना ने हार नहीं मानी। अगस्त 2025 में उन्होंने फिर से स्टेज पर वापसी की और 'स्टिल अलाइव एंज अनफिल्टर्ड' नाम से अपना नया टूर शुरू किया।



## सारा अर्जुन ने दिल खोलकर की रणवीर सिंह की तारीफ

सारा अर्जुन ने 'धुरंधर' फ्रेंचाइजी में यालीना की भूमिका से काफी सुर्खियां बटोरी हैं। हाल ही में उन्होंने रणवीर सिंह के साथ फिल्म में काम करने का अनुभव साझा किया। सारा अर्जुन ने बताया कि रणवीर से बेहतर को-स्टार कोई नहीं हो सकता। सारा के मुताबिक, रणवीर सिंह बतौर एक्टर सिर्फ अपनी भूमिका तक नहीं सीमित रहते, बल्कि पूरी फिल्म के बारे में सोचते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एक एक्टर के तौर पर वे रणवीर की बहुत बड़ी फैन हैं।

### 'कभी बड़प्पन को हावी नहीं होने दिया'

सारा अर्जुन ने हाल ही में एक बातचीत में कहा, 'एक को-एक्टर के तौर पर रणवीर सिंह की बराबरी कोई नहीं कर सकता। वे सच में यह मानते हैं कि यह सिर्फ उनकी फिल्म नहीं, बल्कि सबकी फिल्म है। वे सिर्फ दूसरे एक्टर्स के साथ ही ऐसे नहीं हैं, बल्कि टेक्नीशियंस, स्पॉट बॉयज, क्रू के हर सदस्य और हर एक्टर के साथ उनका रवैया ऐसा ही रहता है। उन्होंने कभी भी अपनी सीनियरिटी को सुपीरियरिटी के तौर पर हावी नहीं होने दिया'।

### रणवीर के समर्पण की कोई मिसाल नहीं

अभिनेत्री ने आगे कहा, 'इसके अलावा एक एक्टर के तौर पर रणवीर सिंह, जिस तरह का काम करते हैं, उसे देखकर मैं हैरान रह जाती हूं। वे अपने काम में जिस तरह का डेडिकेशन है, उसकी कोई मिसाल नहीं है। इन्हीं सब वजहों से, एक को-एक्टर के तौर पर उनके साथ काम करने का मेरा अनुभव सबसे बेहतरीन रहा है। वह फिल्म के नतीजों को लेकर उतने ही प्रोटेक्टिव रहते हैं, जितना कोई बच्चा अपनी पसंदीदा चीज को लेकर प्रोटेक्टिव होता है'।

### 'धुरंधर 2' का बॉक्स ऑफिस

बता दें कि इस महीने की शुरुआत में सारा अर्जुन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से रणवीर सिंह के लिए एक लंबा-चौड़ा नोट लिखा था। उन्होंने एक्टर की तारीफ में उन्हें निडर और एनर्जी से भरपूर ऐसा एक्टर बताया, जिसके अंदर सारी खूबियां हैं। बात करें फिल्म 'धुरंधर 2' के कलेक्शन की तो कल बुधवार को 35वें दिन इस फिल्म ने 1.70 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म का टोटल नेट कलेक्शन 1121.11 करोड़ रुपये हो चुका है।





## संघर्ष के दौर ने आगे बढ़ने की हिम्मत दी

टीवी की दुनिया में जब भी कॉमेडी का नाम लिया जाता है, तो कीकू शारदा का चेहरा लोगों के सामने जरूर आता है। कभी 'पलक' बनकर तो कभी 'बंपर' और 'बच्चा यादव' के किरदार में उन्होंने दर्शकों को इतना हंसाया कि लोग उनके स्क्रीन पर आने का इंतजार करने लगे। उनकी कॉमिक टाइमिंग, मजेदार डांस और अलग अंदाज ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई। आज भले ही कीकू शारदा टीवी और ओटीटी की दुनिया का बड़ा नाम बन चुके हैं, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि एक समय ऐसा भी था, जब उन्हें मुंबई में अपना खर्च चलाने के लिए छोटी-मोटी नौकरियां करनी पड़ी थीं। संघर्ष के उसी दौर ने उन्हें आगे बढ़ने की हिम्मत दी। कीकू शारदा का असली नाम राघवेंद्र अमरनाथ शारदा है। कीकू पढ़ाई में भी अच्छे थे। उन्होंने ग्रेजुएशन करने के बाद मार्केटिंग में एमबीए की पढ़ाई पूरी की। परिवार चाहता था कि वह अच्छी नौकरी करें या बिजनेस में हाथ बंटाएं, लेकिन उनके दिल में एक्टिंग का सपना था। अपने सपनों को पूरा करने के लिए वह मुंबई आ गए। हालांकि मुंबई में शुरुआत आसान नहीं थी। यहां उन्हें लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा। काम न मिलने की वजह से उन्हें छोटी-मोटी नौकरी करनी पड़ीं, ताकि अपना खर्च चला सकें।

करीब दो साल तक संघर्ष करने के बाद उन्हें छोटे-छोटे रोल मिलने शुरू हुए। साल 2003 में उन्हें बच्चों के मशहूर शो 'हातिम' में 'होबो' का किरदार निभाने का मौका मिला। इस किरदार ने उन्हें पहली पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने कई टीवी शोज में काम किया, लेकिन असली सफलता उन्हें कॉमेडी शो 'एफआईआर' से मिली। इस शो में उन्होंने कॉन्स्टेबल मुलायम सिंह गुलगुले का किरदार निभाया, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया।

कीकू की जिंदगी का सबसे बड़ा मोड़ तब आया, जब वह 'कपिल शर्मा शो' से जुड़े। 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' में उनका 'पलक' वाला किरदार लोगों के दिलों में बस गया। उनकी मजेदार बातें और अजीब डांस स्टेप्स देखकर दर्शक हंसते-हंसते लोटपोट हो जाते थे। इसके बाद 'द कपिल शर्मा शो' में उन्होंने 'बंपर', 'बच्चा यादव' और कई मजेदार किरदार निभाए। इन किरदारों ने उन्हें टीवी का बड़ा कॉमेडी स्टार बना दिया।

टीवी के अलावा कीकू शारदा फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं। उन्होंने 'फिर हेरा फेरी', 'धमाल', 'रेस', 'हैप्पी न्यू ईयर', 'अंग्रेजी मीडियम' और 'जवानी जानेमन' जैसी फिल्मों में काम किया। उनकी कॉमिक एक्टिंग को हर जगह पसंद किया जाता है।

## पवन सिंह के नए गाने को मिला आम्रपाली का साथ



भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह एक बार फिर अपने नए गाने के साथ तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। उनका गाना 'छिल देबू का' का टीजर रिलीज हो चुका है। मंगलवार को अभिनेत्री आम्रपाली दुबे भी गाने के सपोर्ट के लिए आगे आईं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर गाने का पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में पवन सिंह अपनी सह-कलाकार प्रिया रघुवंशी के साथ नजर आ रहे हैं। आम्रपाली ने कैप्शन के जरिए गाने की पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएं दीं और भरोसा जताया कि यह गाना चार्टबस्टर साबित होगा। आम्रपाली ने लिखा, 'जब पावर स्टार पवन सिंह की आवाज, खुशी कक्कड़ का साथ और प्रिया रघुवंशी की अदाएं एक साथ हों... तो गाना सुपरहिट तो होना ही है।' अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'गाने को पवन सिंह और खुशी कक्कड़ ने गाया है, जबकि इसके बोल आशुतोष तिवारी और निक्की निहाल ने लिखे हैं और संगीत प्रियांशु सिंह (मेलोडी मैन) ने तैयार किया है। 'छिल देबू का' का पूरा वीडियो बुधवार सुबह 6:30 बजे यूट्यूब पर रिलीज किया जाएगा।' टीजर में पवन सिंह का सिग्नेचर स्टाइल और प्रिया रघुवंशी के साथ उनकी केमिस्ट्री साफ नजर आ रही है। प्रियांशु सिंह के संगीत ने पहले ही लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया है।

पवन सिंह भोजपुरी सिनेमा से लेकर साउथ सिनेमा तक अपनी धाक जमा चुके हैं। हाल ही में पवन सिंह ने फिल्म डकैत के गाने 'टच बडी' में स्पेशल अपीयरेंस दी थी। गाने को पवन सिंह और जोनिता गांधी ने मिलकर गाया है जबकि लिरिक्स वायु श्रीवास्तव ने लिखे हैं और भीम्स सेसिरोलियो ने इसका संगीत तैयार किया है। गाना रिलीज होने के बाद पूरे भारत में खूब चर्चा में है। यह गाना फिल्म 'डकैत: एक प्रेम कथा' का दूसरा सिंगल है। फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज हो चुकी है। इसमें अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं।



## साधना सप्ताह में देश में तृतीय स्थान अर्जित करने पर जनसंपर्क विभाग को एमएसएमई मंत्री श्री काश्यप ने सिविल सेवा दिवस पर प्रशासन अकादमी में पुरस्कृत किया



**उज्जैन ।** एमएसएमई मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप ने सिविल सेवा दिवस पर प्रशासन अकादमी में साधना सप्ताह में आई गाट मिशन कर्मयोगी में देश में तृतीय स्थान अर्जित करने पर जनसंपर्क विभाग को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर अपर संचालक जनसंपर्क श्री गुरमीत सिंह वाधवा और सहायक जनसंपर्क अधिकारी श्री अनिल कुमार विशिष्ट ने जनसंपर्क विभाग की और से प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

## उज्जैन में कंठाल से सती गेट तक सड़क चौड़ीकरण शुरू



**उज्जैन ।** उज्जैन में सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत कंठाल चौराहा से सती गेट तक सड़क चौड़ीकरण का काम रविवार से शुरू हो गया है। प्रशासन के निर्देश पर व्यापारियों ने रातभर सामान हटाकर इस कार्य में सहयोग किया, जिससे निर्माण ने गति पकड़ ली हैॉ यह मार्ग शहर के सबसे व्यस्ततम क्षेत्रों में से एक है। प्रशासन ने व्यापारियों और रहवासियों को शनिवार तक अपने प्रतिष्ठानों से सामान हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद शुक्रवार से ही व्यापारियों ने अपनी दुकानों का सामान शिफ्ट करना शुरू कर दिया था। व्यापारी पूरी रात अपने प्रतिष्ठानों को खाली करने में जुटे रहे और रविवार सुबह भी यह प्रक्रिया जारी रही। इस मार्ग पर कपड़े, कटलरी, बैग और मिठाई सहित कई तरह की दुकानें स्थित हैं। व्यापारियों ने स्वेच्छा से प्रशासन के साथ सहयोग किया। शुक्रवार को संभागायुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने निर्माण कार्य का पैदल निरीक्षण किया था। उन्होंने व्यापारियों से सहयोग की अपील की थी, जिसका सकारात्मक असर देखने को मिला। कई स्थानों पर व्यापारी स्वयं अपनी दुकानों और मकानों को हटाने में प्रशासन का साथ दे रहे हैं। कंठाल चौराहा से सती गेट के बीच का यह क्षेत्र उज्जैन का प्रमुख और वर्षों पुराना पारंपरिक बाजार है। यहां कई दुकानें लगभग 100 साल पुरानी हैं और रोजाना बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। नगर निगम ने मुनादी कराकर पहले ही सूचना दे दी थी, जिससे लोगों को तैयारी का पर्याप्त समय मिल सका।

## उज्जैन में तापमान 43°C... मंदिरों में लगे दही-छाछ के भोग



**उज्जैन ।** उज्जैन में इन दिनों भीषण गर्मी का असर साफ नजर आ रहा है। शनिवार को तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। ऐसे में मंदिरों में विराजित देवी-देवताओं की सेवा में भी विशेष सावधानी और श्रद्धा दिखाई दे रही है। भगवान को गर्मी से राहत देने के लिए अलग-अलग उपाय किए जा रहे हैं। सांदीपनि आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली पर विशेष शीतल सेवा की जा रही है। पुजारी परिवार के अनुसार, भगवान को दही, छाछ, श्रीखंड, तरबूज और आम जैसे ठंडे भोग अर्पित किए जा रहे हैं। यह प्रसाद श्रीकृष्ण, बलराम, सुदामा और गुरु सांदीपनि को समर्पित होता है। गोपाल मंदिर में भी भगवान की दिनचर्या को मौसम के अनुसार बदला गया है। भगवान को रोजाना केसर और कपूर मिलाकर चंदन का शीतल लेप लगाया जा रहा है। भोग में केरी का पना, लस्सी और छाछ अर्पित की जा रही है। इस्कॉन मंदिर उज्जैन में भगवान श्रीकृष्ण और राधा को ठंडक देने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। यहां एसी के साथ उड़ीसा के मलय पर्वत से लाए गए चंदन का लेप लगाया जा रहा है। रोजाना करीब 30 किलो चंदन तैयार कर भगवान को अर्पित किया जाता है। महाकालेश्वर मंदिर में भी बाबा महाकाल की सेवा में विशेष इंतजाम किए गए हैं। गर्भगृह में 11 मटकियां स्थापित की गई हैं, जिनमें 11 पवित्र नदियों का जल भरा जाता है। वैशाख कृष्ण प्रतिपदा से यह परंपरा विधिवत शुरू हो चुकी है।

## उज्जैन में कक्षा 1 से 8 तक अवकाश घोषित

**उज्जैन ।** उज्जैन में भीषण गर्मी के मद्देनजर कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 27 से 30 अप्रैल 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है। वहीं, कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं सुबह की शिफ्ट में संचालित होंगी। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों का 27 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक अवकाश रहेगा। यह निर्णय लगातार बढ़ती गर्मी और तापमान में हो रही वृद्धि को देखते हुए लिया गया है। इस अवधि में शिक्षकों को नियमित रूप से स्कूल में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। कक्षा 9वीं से 12वीं तक की कक्षाओं का समय परिवर्तित कर सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है, ताकि विद्यार्थियों को तेज गर्मी से बचाया जा सके। इसके अतिरिक्त, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशों के अनुरूप ग्रीष्मावकाश की तिथियां भी तय कर दी गई हैं। विद्यार्थियों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई से 15 जून 2026 तक रहेगा, जबकि शिक्षकों का अवकाश 1 मई से 31 मई 2026 तक निर्धारित किया गया है।

### मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगी पार्वती-कालीसिंध-चम्बल अन्तर्राष्ट्रीय परियोजना : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोटा जिले में श्री कृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में पहुंचे

**उज्जैन ।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चंबल मैया का आशीर्वाद मध्यप्रदेश और राजस्थान दोनों प्रांतों को मिल रहा है। हमारा प्रदेश अनेक नदियों के उद्गम के कारण नदियों का मायका है। मध्यप्रदेश और राजस्थान जोड़ीदार प्रदेश हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से स्वीकृत पार्वती- काली सिंध -चंबल अंतर्राज्यीय परियोजना से मध्यप्रदेश और राजस्थान लाभान्वित होंगे। पीकेसी प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोटा जिले में श्रीकृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 16 संस्कारों में पाणिग्रहण संस्कार शामिल है। विवाह ही कुल और गोत्र को आगे बढ़ाते हुए अमरता देते हैं। विवाह से जीवन साथी के साथ बेटियों को नए माता- पिता मिलते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामूहिक विवाह समारोह में नव दंपतियों को आशीर्वाद और मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान में सामूहिक विवाह काफी उपयोगी हैं। मेरे अपने बेटे का विवाह सादगी पूर्वक किया था। परिवारों को खर्चीले विवाहों के



कारण आर्थिक कष्ट उठाने होते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने समाज का मार्गदर्शन किया। धर्म मार्ग पर चलने की सभी को प्रेरणा दी। अनेक कष्ट सहते हुए उनका जीवन एक उदाहरण बना। भगवान श्री कृष्ण ने लोकतंत्र की स्थापना का उदाहरण दिया था, जब कंस के वध के पश्चात स्वयं सत्ता नहीं सम्हाली। वे लोकतंत्र के सच्चे नायक थे। उन्होंने धर्म के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। मध्यप्रदेश सरकार श्रीकृष्ण पाथेय का विकास कर रही है।

लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि आज यदुवंशी समाज के युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने दायित्व निर्वहन के लिए गंभीर हैं। समाज के युवा सेना में शामिल होकर सीमा की रक्षा कर रहे हैं। श्री बिरला ने कहा कि यह निश्चित ही प्रशंसनीय है कि यदुवंशी समाज वर्तमान सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य कर रहा है। निःशुल्क विवाह समारोह का लाभ युवाओं को मिल रहा है। श्री बिरला ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की। श्री बिरला ने नव दम्पतियों को बधाई दी। प्रारंभ में ग्राम रींछी में आयोजित प्रथम निःशुल्क 38वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव और लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला का आत्मीय स्वागत किया।

राजस्थान के शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे आयोजन समाज में व्याप्त गरीबी और अमीरी की खाई को पाटने का कार्य करते हैं।

# किसानों की समृद्धि ही मध्यप्रदेश की है असली ताकत-मुख्यमंत्री डॉ.यादव

## अब गेहूं उपार्जन सप्ताह में 6 दिन, स्लॉट बुकिंग को 9 मई तक बढ़ाया

**उज्जैन ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश का समृद्ध किसान ही विकसित भारत 2047 के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सच्चा वादा और पक्का काम, यही हमारी सरकार का संकल्प है। हमने किसानों से जो वादा किया, वह पूरा करके भी दिखाया है। जब हमारे खेतों से लेकर कारखाने तक समृद्धि आएगी, तभी तो हमारे किसान भी समृद्ध और खुशहाल होंगे। मैं प्रदेश के सभी किसान भाइयों-बहनों को आश्वस्त करता हूं कि उनकी मेहनत, पसीना और आपका भविष्य हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों की समृद्धि ही मध्यप्रदेश की असली ताकत है। आइए, हम सब मिलकर किसान कल्याण वर्ष में मध्यप्रदेश को कृषि के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को प्रदेश के सभी




कलेक्टरों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गेंहू उपार्जन सहित अन्य विषयों को लेकर समीक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि गेहूं उपार्जन के लिए आने वाले किसानों के लिए केंद्रों पर सुविधाएं उपलब्ध कराएं। किसी तरह की कोई परेशानी न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश की तीव्र गति के विकास का मुख्य आधार हमारे प्रिय किसान भाई-बहन हैं। मैं प्रदेश के समस्त अन्नदाताओं को नमन करता हूं। हमारी सरकार किसानों की खुशहाली और उनकी समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। हम न केवल किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए संकल्पित हैं, बल्कि उनके जीवन में सुख और आनंद के सूर्योदय का भी प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाएं बिना प्रदेश के सर्वांगीण विकास की कल्पना अधूरी है। हमारी सरकार किसानों के हर सुख-दुख में साथ है। इसी का परिणाम है कि मध्यप्रदेश सरकार निरंतर किसान हितैषी ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। आज मैं ऐसे विषय पर संवाद कर रहा हूं, जो हमारे प्रदेश की आत्मा, हमारे अन्नदाता यानी किसानों से जुड़ा हुआ है। मध्यप्रदेश सरकार किसान हितैषी संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है और इसी भावना के साथ इस वर्ष को किसान कल्याण वर्ष के रूप में समर्पित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन को देखते हुए हमने केंद्र सरकार से खरीदी की सीमा बढ़ाने का आग्रह किया था।

### जल गंगा संवर्धन अभियान

## जन अभियान परिषद, विकासखंड महिदपुर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ढाबला वैणी द्वारा जल मंदिर का शुभारंभ किया गया



**उज्जैन ।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड महिदपुर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ढाबला वैणी ने जल गंगा संवर्धन अभियान तथा जल स्रोत सेवा समागम द्वितीयचरण के अंतर्गत ढाबली कम्मा चौराहा, घोंसला-महिदपुर रोड पर शनिवार को जल मंदिर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संभाग समन्वयक, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद श्री शिव प्रसाद जी मालवीय तथा जिला समन्वयक श्री जय जी दीक्षित उपस्थित रहे। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक श्रीमती नम्रता तिवारी ने उपस्थित ग्रामीणों को जल के महत्व, जल संरक्षण तथा उसके समुचित उपयोग की शपथ दिलाई। आभार ज्ञापन नवांकुर संस्था बागनी, ग्राम शिक्षा एवं जनकल्याण समिति के अध्यक्ष श्री कैलाश चंद्र मालवीय ने किया। इस दौरान प्रस्फुटन समिति ढाबला वैणी अध्यक्ष श्री परमानंद मकवाना,- कमलेश व्यास, हरिराम जाट, तूफान जादव, मदन लाल जी, राधा रानी मकवाना, - परामर्शदाताः शिवदयाल शर्मा, संजय व्यास, दिलीप सिंह राजपूत, सोनू व्यास तथा क्षेत्र के अनेक ग्रामीण जन उपस्थित थे ? यह जल मंदिर जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# जॉब के लिए अपने जिले में दें इंटरव्यू

**भोपाल ।** अगर आप नौकरी की तलाश में हैं, तो अब आपको भटकने की जरूरत नहीं है। मध्य प्रदेश सरकार के 'युवा संगम' कार्यक्रम के तहत अब आपको अपने ही जिले में रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि योग्य युवाओं को कंपनियों द्वारा ऑन-स्पॉट ऑफर लेटर दिए जाएंगे। एमपी के श्रम विभाग की पहल पर



सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग (MSME) और कौशल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस अभियान में स्वरोजगार, प्राइवेट नौकरी और अप्रेंटिसशिप के मौके एक ही मंच पर उपलब्ध होंगे।

# उज्जैन में मेगा कॉम्बिंग गश्त, 600 जवान सड़कों पर उतरे

**उज्जैन ।** उज्जैन पुलिस ने जिले में अपराध नियंत्रण के लिए बड़ी कार्रवाई की है। एक ही रात में 600 से अधिक पुलिसकर्मियों के साथ मेगा कॉम्बिंग गश्त चलाई गई। इस दौरान 185 स्थायी वारंट और 110 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए, साथ ही 6 इनामी आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया।

मुख्यमंत्री के गृहनगर उज्जैन में अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। 25 अप्रैल की रात 11 बजे से 26 अप्रैल की सुबह तक जिलेभर में मेगा कॉम्बिंग गश्त की गई, जिसमें फरार और सक्रिय अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में 600 से अधिक पुलिस अधिकारी और जवान इस अभियान में शामिल हुए। शहर से लेकर ग्रामीण थाना क्षेत्रों तक एक साथ दबिश दी गई। वरिष्ठ अधिकारी स्वयं सड़कों पर उतरकर कार्रवाई की निगरानी कर रहे थे।

गश्त के दौरान 185 स्थायी वारंट और 110 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। लंबे समय से फरार चल रहे 6 इनामी आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। अभियान के तहत 320 निगरानी बदमाशों की घर-घर जाकर जांच की गई। साथ ही, 250 चिन्हित अपराधियों का भौतिक सत्यापन और 50 संपत्ति संबंधी अपराधियों की निगरानी भी की गई।

## उज्जैन में पारिवारिक विवाद, रिश्तेदारों ने की मारपीट

**उज्जैन।** उज्जैन के नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के पंथपिपलाई गांव में एक पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि नागपुर से आए रिश्तेदारों ने घर में घुसकर हमला किया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। इस मामले में पुलिस पर भी पक्षपात के आरोप लगाए गए हैं। यह घटना 8 अप्रैल की है। जिसका वीडियो रविवार को सामने आया है। पीड़ित मोहन चौहान का आरोप है कि उनके छोटे भाई संजय चौहान के ससुराल पक्ष के रिश्तेदार नागपुर से अचानक उनके घर पहुंचे। बिना किसी चेतावनी के उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों में संजय चौहान के ससुर, साला और परिवार के अन्य सदस्य शामिल थे। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि यह हमला पहले से योजनाबद्ध था, क्योंकि सभी हमलावर घटना से पहले आसपास मौजूद थे और फिर एक साथ हमला किया।

### पीएम मोदी के 'क्वालिटी इंडिया' विजन को गति देने उज्जैन-इंदौर में होगी वर्ल्ड क्लास टेस्टिंग लैब, उद्योगों से सीधे मांगे गए सुझाव

# एनटीएच, एनआईसीडीसी, एमपीआईडीसी की अहम बैठक

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सपना है, 'भारत में बने उत्पाद सिर्फ सस्ते नहीं, बल्कि दुनिया की सबसे बेहतरीन क्वालिटी वाले हों।' इसी 'क्वालिटी इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' विजन को जमीन पर उतारने के लिए उज्जैन-इंदौर कॉरिडोर में अब एक वर्ल्ड क्लास टेस्टिंग लैब की तैयारी ग्राउंड लेवल से शुरू हो गई है।

इस योजना को उद्योगों की



सीधी भागीदारी से आकार दिया जाएगा। इसी कड़ी में उज्जैन में एनटीएच (नेशनल टेस्ट हाउस), एनआईसीडीसी और एमपीआईडीसी के अधिकारियों ने उद्योगपतियों और स्टेकहोल्डर्स संग अहम बैठक की, और सीधे पूछा, 'आपको क्या चाहिए?' यह पहली बार है जब किसी बड़ी टेस्टिंग लैब की प्लानिंग 'टॉप-डाउन' अप्रोच की बजाय 'बॉटम-अप' दृष्टिकोण से की जा रही है।

# संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के अंतर्गत काल भैरव


## अंगारेश्वर मंदिर विस्तारीकरण एवं हरसिद्धि मंदिर-रामघाट मार्ग चौड़ीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण किया

**उज्जैन ।**

**रविवार को संभागायुक्त श्री आशीष सिंह एवं कलेक्टरश्री रौशन कुमार सिंह ने सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत काल भैरव मंदिर, अंगारेश्वर मंदिर विस्तारीकरण कार्य और हरसिद्धि मंदिर से झालरिया मठ से होकर रामघाट तक चौड़ीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण किया।**

निरीक्षण सुबह से प्रारंभ हुआ और अधिकारियों ने प्रत्येक स्थान पर प्रगति, गुणवत्ता तथा समय-





सीमा की समीक्षा की।

उल्लेखनीय है कि काल भैरव मंदिर विस्तारीकरण कार्य के अंतर्गत मंदिर परिसर के विस्तारीकरण, नई एप्रोच रोड, पार्किंग क्षेत्रों, धर्मशाला, सुविधा केंद्र का विकास किया जाना प्रस्तावित है। संभागायुक्त श्री सिंह ने समय-सीमा में उक्त कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को निर्बाध दर्शन और बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

अधिकारियों ने अंगारेश्वर मंदिर एवं आसपास के घाट क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, पहुंच मार्गों, पार्किंग, शौचालय, तथा भीड़ प्रबंधन व्यवस्था का निरीक्षण किया । इसके बाद हरसिद्धि मंदिर से रामघाट मार्ग चौड़ीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण किया गया। संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सिंहस्थ में विश्व भर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिये उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करानी हैं। सभी विभाग पूर्ण समन्वय से 24म7 शिफ्ट वर्क और उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य करें। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को समय समय पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा किसी भी बाधा को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ यूडीए श्री संदीप सोनी, एसडीएम, एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com